बुधवार, 15 जुलाई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 83% |
| सूर्योदय: 05:01 | सूर्यास्त: 18:24 |

Epaper.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार : मनोवृत्ति और घमंड स्वयं से मिलते हैं, सावधान रहिये।**



गिल-अक्षर के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे जीता पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## आईएसआईएस आतंकी साजिश: मुख्य आरोपी को सात साल की सश्रम जेल

**नयी दिल्ली :** कर्नाटक में चुनिंदा तरीके से लोगों की हत्या को अंजाम देने और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश रचने वाले प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'आईएसआईएस' से जुड़े एक मामले में बेंगलुरु की विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने एक मुख्य आरोपी को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले में मोहम्मद हनीफ खान पहला ऐसा आरोपी है जिसे दोषी ठहराया गया है।

# तारकेश्वर धाम को महाकाल और काशी विश्वनाथ की तर्ज पर किया जाएगा विकसित : शुभेंदु अधिकारी

### तारकेश्वर धाम को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाने, श्रावणी मेले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का ऐलान



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को हुगली जिले के तारकेश्वर में श्रावणी मेले का शुभारंभ करते हुए तारकेश्वर धाम को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर तारकेश्वर मंदिर परिसर का विकास करेगी, ताकि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के तीर्थस्थल और धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में नई पहचान मिल सके। साथ ही उन्होंने श्रावणी मेले को राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने का भी संकल्प जताया। श्रावणी मेले के उद्घाटन के बाद आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रवाद और धार्मिक आस्था के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। रुद्राक्ष की माला, भगवा वस्त्र और माथे पर तिलक लगाए मुख्यमंत्री ने बाबा तारकनाथ की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु करीब 30 किमी की पैदल यात्रा कर जलाभिषेक के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने घोषणा की कि इस वर्ष शेवड़ाफुली से तारकेश्वर धाम तक प्रत्येक पांच किमी पर सरकारी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, ओआरएस, प्राथमिक उपचार और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति के कारण तारकेश्वर धाम समेत अन्य हिंदू धार्मिक स्थलों की उपेक्षा की और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता संभालने के महज 65 दिनों के भीतर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार तीर्थ क्षेत्र सर्किट विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है, जिसके तहत किरीटेश्वरी, मदनमोहन मंदिर, जल्पेश और तारापीठ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के लिए सरकार ने अपने पहले बजट में 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

# होर्मुज में हमले में एक भारतीय की मौत, 10 घायल

**भारत ने ईरानी दूतावास के उपप्रमुख को तलब किया**

### अब तक 14 भारतीयों की मौत

**नयी दिल्ली :** भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान के हमले की घटना के बाद ईरान के दूतावास के उप प्रमुख को तलब किया और इन हमलों को लेकर कड़ा विरोध जताया। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। भारत ने वाणिज्यिक पोत 'एमटी अल बहिया' और 'एमटी मोम्बासा' पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की है, जिन पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। भारत ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लाने के लिए हिंसा को तुरंत रोकने और बातचीत व कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपनी अपील दोहराई। संयुक्त अरब अमीरात के दो तेल टैंकरों पर हमले अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुए। ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद शुरू हुए संघर्ष में पश्चिम एशिया में 14 भारतीयों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि भारत जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान 'एमटी अल बहिया' और 'एमटी मोम्बासा' नाम के दो पोत पर हुए हमलों को लेकर ''बेहद चिंतित'' है। दोनों जहाजों के कुल 46 चालक दल के सदस्यों में से 30 भारतीय नाविक थे। मंत्रालय ने कहा, ''एमटी अल बहिया' पर 12 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें में से एक की दुखद रूप से मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया है। एमटी मोम्बासा पर सवार 18 भारतीयों में से नौ घायल हुए हैं, जिनमें से दो के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है।'' मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हम इन हमलों और नाविकों को निशाना बनाने वाली हिंसा की घटनाओं तथा होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से मुक्त एवं सुरक्षित आव-ाजाही में बाधा डालने वाले कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं।'' विदेश मंत्रालय ने ''पश्चिम एशियाई क्षेत्र में हमलों के फिर से शुरू होने और तनाव बढ़ने पर अपनी गहरी चिंता दोहराते हुए शांति के हित में हिंसा को तुरंत रोकने और बातचीत एवं कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की।'' मंत्रालय ने कहा, ''विशेषकर क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक ढांचों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए, ताकि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से जहाजों की आवाजाही और व्यापार बिना किसी रुकावट के जल्द से जल्द फिर से बहाल हो सके।'' विदेश मंत्रालय ने मारे गए भारतीय नागरिक के परिवार के प्रति ''गहरी संवेदना'' जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की।

### होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में भारतीय ध्वज वाले सात जहाज, 148 भारतीय नाविक सवार

अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य तनाव बढ़ने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में भारतीय ध्वज वाले सात जहाज मौजूद थे। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के शुरुआती चरण की तरह मौजूदा हालात में भी इन जहाजों के तनाव कम होने से पहले फारस की खाड़ी से बाहर निकलने की संभावना नहीं है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भारतीय ध्वज वाले पांच जहाज इस क्षेत्र में वाणिज्यिक गतिविधियों में लगे हुए हैं। अधिकारी ने कहा, ''फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले सात जहाजों पर लगभग 148 नाविक सवार हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए फिलहाल उनकी इस क्षेत्र से बाहर आने की कोई योजना नहीं है।''

### ईरान पर अमेरिकी हमले तेज, तेहरान ने बहरीन, जॉर्डन और तेल टैंकरों को निशाना बनाया

**दुबई :** अमेरिका ने मंगलवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी फिर से लागू करने और होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलने की घोषणा के कुछ घंटे बाद ये हमले किये गए। अमेरिकी सैन्य हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगियों पर हमला कर पलटवार किया। इन कार्रवाइयों से उस अंतरिम समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिसका उद्देश्य संघर्ष को रोकना, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग को फिर से खोलना और वार्ताकारों को युद्ध के स्थायी अंत के लिए तौर-तरीके तय करने का समय देना था। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने कहा कि उसने ईरान के कई इलाकों में हमले किए हैं। इन हमलों में 'तटीय रक्षा प्रणालियों, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा समुद्री क्षमताओं'' को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन हमलों की पुष्टि तो की है, लेकिन फिलहाल हताहतों की संख्या या नुकसान का कोई आकलन जारी नहीं किया। इसके जवाब में ईरान ने बहरीन, जॉर्डन और उन तीन तेल टैंकरों को निशाना बनाया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजर रहे थे।

### होर्मुज जलडमरूमध्य पर शुल्क लगाने की धमकी से ट्रंप पीछे हटे

**दुबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले माल पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की अपनी योजना से एक दिन बाद ही पीछे हटते हुए कहा कि इसके बजाय पश्चिम एशियाई देश अमेरिका के साथ निवेश और व्यापार समझौते करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, ''पश्चिम एशिया के नेताओं के साथ अत्यंत सकारात्मक बातचीत के आधार पर मैंने 20 प्रतिशत अमेरिकी प्रतिपूर्ति शुल्क को उन व्यापार और निवेश समझौतों से बदलने का फैसला किया है, जिन्हें विभिन्न खाड़ी देश अमेरिका में करेंगे।''

## शादी का वादा पूरा न होने मात्र से सहमति से बने संबंध दुष्कर्म नहीं : उच्च न्यायालय



**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शादी का वादा पूरा नहीं होने मात्र से दो वयस्कों के बीच लंबे समय तक आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंधों को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता, विशेषकर तब जब मूल विवाद दीवानी और वित्तीय प्रकृति का हो। इसके साथ ही, अदालत ने दो आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए आरोपी को दुष्कर्म तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत लगाए गए आरोपों से बरी कर दिया। न्यायमूर्ति संतोष राय ने विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम), प्रयागराज के उन आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें याचिकाकर्ता सौरभ पाल सिंह की आरोपमुक्त करने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। मामले के अनुसार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रही अनुसूचित जाति की एक शोधार्थी ने अक्टूबर 2020 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपी ने उससे निकटता बढ़ाई, विवाह का वादा किया और इसी आधार पर लंबे समय तक उससे शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने रेस्तरां का कारोबार शुरू करने के नाम पर उसका एटीएम कार्ड, छात्रवृत्ति की राशि, आभूषण और 15 लाख रुपये ले लिए। बाद में कारोबार शुरू होने पर उसने शादी से इनकार कर दिया और उससे बातचीत बंद कर दी। महिला का यह भी आरोप था कि आरोपी की पत्नी और परिजनों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसका अपमान किया। महिला के अनुसार, आरोपी ने उसे पांच-पांच लाख रुपये के दो चेक भी दिए थे, लेकिन दोनों 'बाउंस' हो गए। आरोपपत्र दाखिल होने के बाद आरोपी ने अधीनस्थ अदालत में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 227 के तहत आरोपमुक्त किए जाने का आवेदन दिया, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।



**कोलकाता नगर निगम की ओर से मोहर कुंज में वृक्षारोपण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री इंद्रनील खान, राज्यमंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती, विधायक रितेश तिवारी और नगर आयुक्त स्मिता पांडे उपस्थित रही**

## पासपोर्ट भारतीय नागरिकों के देश से बाहर जाने को नियंत्रित करने वाला दस्तावेज: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पासपोर्ट ऐसा दस्तावेज है, जो भारतीय नागरिकों के देश से बाहर जाने को ''नियंत्रित करता'' है। यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात पर बहस छिड़ी हुई है कि क्या पासपोर्ट का इस्तेमाल नागरिकता सत्यापित करने के लिए किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पासपोर्ट एक स्थापित प्रक्रिया के तहत किए जाने वाले उचित 'सत्यापन' के बाद जारी किया जाता है और वर्तमान में आठ प्रतिशत से भी कम भारतीय नागरिकों के पास यह दस्तावेज है। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने 24 जून को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में पासपोर्ट को यात्रा दस्तावेज बताया था, न कि नागरिकता साबित करने वाला दस्तावेज। ये टिप्पणियां इस सवाल के जवाब में आई थीं कि क्या निर्वाचन आयोग द्वारा कई राज्यों में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पासपोर्ट को नागरिकता के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों ने कहा था कि पासपोर्ट विदेश यात्रा के लिए जारी किया जाता है और यह नागरिकता साबित करने वाला दस्तावेज नहीं है। इन टिप्पणियों पर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी जताई थी कि पासपोर्ट किसी व्यक्ति की नागरिकता का सबूत कैसे नहीं हो सकता।

## महादेव सट्टा ऐप धनशोधन मामला: ईडी ने ईबिक्स के चेयरमैन विकास गर्ग को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टा एप्लिकेशन से जुड़े करोड़ों रुपये के धनशोधन मामले में ईबिक्स समूह के चेयरमैन विकास गर्ग को मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्ग (53) के दिल्ली स्थित ठिकानों की तलाशी के बाद उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें दिल्ली की एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने केंद्रीय एजेंसी को उन्हें छत्तीसगढ़ के रायपुर ले जाने के लिए 24 घंटे की हिरासत दी, जहां मामले की जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि ईबिक्स समूह के अलावा, गर्ग शेयर बाजार में सूचीबद्ध तीन कंपनियों विकास इकोटेक लिमिटेड, विकास लाइफकेयर लिमिटेड और एराया लाइफस्पेस लिमिटेड के प्रवर्तक हैं। ईडी के मुताबिक उन्होंने कथित तौर पर गैर-कानूनी सट्टेबाजी से कमाए गए पैसों का इस्तेमाल करके एराया लाइफस्पेस के जरिए ईबिक्सकैश में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। पिछले हफ्ते केंद्रीय एजेंसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि उसने जांच के तहत गर्ग, उनके परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़ी संस्थाओं की 940.77 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने बताया, ''कुर्की की कार्रवाई महादेव ऑनलाइन बुक/स्काईएक्सचेंज ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में धनशोधन जांच का हिस्सा है।'' एजेंसी ने आरोप लगाया है कि महादेव सट्टा ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेता और नौकरशाह संलिप्त हैं और इस मामले में अपराध से हुई कमाई 6,000 करोड़ रुपये है।

## नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन आठ महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर गये



**अंतरिक्ष यात्री पत्नी अन्ना विल्हेम समेत उनके परिवार के सदस्य तथा नासा के प्रशासक जेरेड आइज़ैकमैन अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण के दौरान बैकोनूर कॉस्मोड्रोम में मौजूद थे। अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद ये तीनों अंतरिक्ष यात्री नासा के अंतरिक्ष यात्रियों-- जेसिका मीर, जैक हैथवे और क्रिस विलियम्स, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सोफी एडेनोट तथा रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री सर्गेई कुद-स्वेर्चकोव, सर्गेई मिकाएव और आंद्रेई फेद्यायेव के साथ मिशन में शामिल हो जाएंगे।**

**वाशिंगटन :** नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को कजाकिस्तान से सोयूज एमएस-29 अंतरिक्ष यान के जरिये अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के आठ महीने के मिशन के लिए रवाना हुए। अनिल मेनन तथा रूसी अंतिरक्षयात्रियों-- प्योत्र डुब्रोव एवं अन्ना किकिना-- को लेकर यह अंतरिक्ष यान भारतीय समयानुसार रात आठ बजकर 17 मिनट पर बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से रवाना हुआ। अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने में इस यान को करीब तीन घंटे लगेंगे और यह पृथ्वी के दो चक्कर लगायेगा। इसके बाद यह भारतीय समयानुसार रात 11 बजकर 56 मिनट पर स्वत: स्टेशन के 'प्रिचाल मॉड्यूल' से जुड़ जाएगा। नासा के अनुसार, यह अनिल मेनन की पहली अंतरिक्ष यात्रा है, जबकि दोनों रूसी अंतरिक्षयात्री दूसरी बार अंतरिक्ष मिशन पर गए हैं। अनिल मेनन की अंतरिक्ष एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री... अनिल मेनन, प्योत्र डुब्रोव और अन्ना किकिना का यह मिशन लगभग आठ महीने का होगा। तीनों की अप्रैल 2027 में पृथ्वी पर वापसी निर्धारित है। नासा के अनुसार, अनिल मेनन अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान और नई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगे। इनका उद्देश्य मानव अंतरिक्ष अन्वेषण को आगे बढ़ाना और पृथ्वी पर जीवन को लाभ पहुंचाने वाली तकनीकों का विकास करना है। रूस की अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहयोग एजेंसी 'रोससोट्रुडनिचेस्ट्वो' की प्रमुख येलेना रेमिज़ोवा ने इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' को बताया था कि इस रॉकेट के साथ भारतीय स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकृतियां भी अंतरिक्ष में भेजी जा रही हैं।

# बंगाल को केंद्र से बड़ी सौगात, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख घरों और ग्रामीण सड़कों के लिए मिली मंजूरी

### केंद्र-राज्य की अहम बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने आवास, सड़क और कृषि क्षेत्र से जुड़े कई फैसलों की जानकारी दी

### 2,400 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र ने जारी किए पहले चरण के 1,000 करोड़ रुपये




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़ी राहत की घोषणा की है। राज्य सचिवालय नवान्न में मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बीच हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी साझा की गई। बैठक के बाद आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक लाख नए मकानों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। साथ ही 2,400 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए पहले चरण में 1,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन, विकसित भारत अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और लखपति दीदी जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार, झाड़ग्राम और पुरुलिया जिलों को प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सर्वे समय पर पूरा नहीं हो सका। इसे देखते हुए सूची तैयार करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही राज्य को एक लाख आवासों की स्वीकृति मिलना केंद्र के सहयोग का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि सरकार के चुनावी संकल्प 'हाथ में काम, पेट में भोजन और सिर पर छत' को साकार करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। 125 दिन के रोजगार कार्यक्रम के तहत अब तक 2 करोड़ 56 लाख लोगों की पहचान जॉब कार्ड के लिए की जा चुकी है और नए पात्र आवेदकों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**प्राकृतिक आपदा आने पर 125 दिन के रोजगार कार्यक्रम में 50 दिन और जोड़े जाएंगे**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा या एल नीनो जैसी परिस्थितियों में जरूरत पड़ने पर 125 दिन के रोजगार कार्यक्रम में 50 अतिरिक्त दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार अकुशल श्रमिकों को 300 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों को 450 रुपये और कुशल श्रमिकों को 600 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के कारण कई केंद्रीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया।

**बंगाल में कृषि ढांचे को मजबूत करने की तैयारी**

बैठक में राज्य के कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने बताया कि चार मृदा परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाल-ाओं की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, मालदह में 100 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। मक्का और मखाना की खेती को बढ़ावा देने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के दायरे का विस्तार करने तथा जूट और आलू के बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में विकसित बंगाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

## पीओजेके में विरोध-प्रदर्शन दशकों से जारी 'सुनियोजित उत्पीड़न, प्रशासनिक दमन' का नतीजा : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में जारी विरोध-प्रदर्शनों को इस्लामाबाद की ओर से क्षेत्र में दशकों से जारी सुनियोजित उत्पीड़न और प्रशासनिक दमन का सीधा नतीजा करार दिया। पीओजेके में महंगाई, कथित प्रशासनिक उदा-सीनता, राजनीतिक भेदभाव और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ पिछले महीने से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कथित बर्बरता की खबरें भी सामने आई हैं, जिनमें कई प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उम्मीद करता है कि वह पीओजेके में हो रहे गंभीर अत्याचारों और गलत कृत्यों के लिए पाकिस्तान को पूरी तरह जवाबदेह ठहराएगा। जायसवाल ने कहा, पीओजेके में जारी विरोध-प्रदर्शन पाकिस्तान की ओर से अपने अवैध नियंत्रण वाले इलाकों में दशकों से किए जा रहे सुनियोजित उत्पीड़न, लोगों को बुनियादी अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा नतीजा हैं। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों की जायज शिकायतों का समाधान करने के बजाय पाकिस्तान ने महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों के खिलाफ पुलिस की अत्यधिक बर्बरता का सहारा लिया है।

### दक्षिण चीन सागर: भारत ने न्यायाधिकरण के फैसले का किया समर्थन, नौवहन की आजादी पर जोर

**नयी दिल्ली :** भारत ने दक्षिण चीन सागर में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता तथा निर्बाध व्यापार की मंगलवार को वकालत की। इसके साथ ही, उसने 2016 में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस फैसले का समर्थन किया, जिसमें इस क्षेत्र पर चीन के व्यापक क्षेत्रीय दावों को खारिज कर दिया गया था। दक्षिण चीन सागर विवाद पर भारत की यह टिप्पणी अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिमी तथा एशियाई देशों के एक दर्जन से अधिक देशों द्वारा चीन को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण (यूएनसीए-लओएस) के उस फैसले की याद दिलाए जाने के दो दिन बाद आई है, जिसमें क्षेत्र पर उसके व्यापक दावों को अवैध करार दिया गया था।

## विश्व युवा कौशल दिवस : हुनर ही भविष्य की पहचान है

विश्व युवा कौशल दिवस हर साल 15 जुलाई को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। 15 जुलाई 2026 को विश्व युवा कौशल दिवस की 11 वीं वर्षगांठ है। इस दिवस की शुरुआत इसलिए की गई ताकि वैश्विक स्तर पर कौशल की कमी की ओर ध्यान दिया जा सके, जो कई युवाओं को अच्छे रोजगार पाने और समाज में पूरी भागीदारी से वंचित करती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल का होना जरुरी है। तकनीकी प्रगति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और बदलते कार्यस्थलों के कारण युवाओं को लगातार नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को निखारने की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 26.7 करोड़ युवा छएएढ यानि रोज़गार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं है की श्रेणी में हैं, और यह संख्या 27.3 करोड़ तक पहुँचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करता है। हुनर ही भविष्य की सबसे बड़ी पहचान है। हर नई स्किल सफलता का मार्ग खोलती है। सीखना सतत जारी रखना होगा। आज का कौशल, कल की ताकत है। मेहनत और हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाते। कौशल ही रोजगार का सबसे मजबूत आधार है।

भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है, और उनमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लगभग एक करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं और उनमें से केवल आधे ही रोज़गार के योग्य माने जाते हैं, ऐसे में कौशल-आधारित, उद्योग-केंद्रित शिक्षा मॉडल की आवश्यकता पहले कभी इतनी ज़रूरी नहीं थी, लेकिन, अब इस अंतर को पाटना केवल एक आर्थिक अनिवार्यता नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है। भारत सरकार भी युवाओं को कौशल में प्रवीण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्किल इंडिया मिशन आदि। इन योजनाओं का लक्ष्य युवाओं को विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी है। कौशल भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजना शामिल है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए कौशल भारत कार्यक्रम का परिव्यय 8,800 करोड़ रुपये है। समस्या केवल नौकरी की कमी नहीं है-बल्कि शिक्षा प्रणाली और श्रम बाजार की ज़रूरतों के बीच मेल न होना है। साथ ही उचित क्रियान्वयन, उद्योग से तालमेल और नतीजों की निगरानी। कौशल विकास कार्यक्रमनतीजों में बदलने चाहिए,केवल घोषणाओं में नहीं। एक अन्य रिपोर्ट में भारत में बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत में बेरोजगारी एक गंभीर और दीर्घकालिक समस्या है, जो तेज जनसंख्या वृद्धि, कम उत्पादकता, अशिक्षा और आर्थिक संरचनात्मक असंतुलन जैसे कारणों से उत्पन्न होती है। इसके समाधान के लिए भारत सरकार ने विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रमों जैसे ग्रामीण विकास योजनाएँ, स्वरोजगार योजनाएँ और शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम लागू किए हैं, जिन्होंने रोजगार बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भ्रष्टाचार, जागरूकता की कमी, राजनीतिक हस्तक्षेप और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियाँ इन योजनाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि कौशल विकास पर सही ढंग से ध्यान दिया जाये तो तो भारत बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास प्राप्त कर सकता है। देश में बेरोजगारी दर तेजी से बढ़ी है। इस साल उच्च मुद्रास्फीति पर काबू पाना और लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित करना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। आज सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को रोजगार देने व आत्मनिर्भर बनाने की है। आज का युवा अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। शिक्षा, रोज़गार और बेहतर भविष्य के लिए आज का युवा जागरूक है और लड़ रहा है। देखना यह है क्या, कौशल विकास योजनाओं के बावजूद देश बेरोजगारी की समस्या से यूं ही जूझता रहेगा।

-बाल मुकुन्द ओझा

# भारतीय परंपरा में आषाढ़ गुप्त नवरात्रि में शक्ति साधना का अंतर्निहित रहस्य



अशोक प्रवृद्ध

सनातन धर्म की संपूर्ण चेतना शक्तिकेंद्रित है। जगत की उत्पत्ति, स्थिति और लय के मूल में जो परम तत्त्व क्रियाशील है, उसे मनीषियों ने चित्-शक्ति या आद्या महाशक्ति कहा है। काल के अनवरत प्रवाह में इस महाशक्ति की आराधना हेतु ऋषियों ने कतिपय संक्रमण कालों को चिह्नित किया, जिन्हें नवरात्रि की संज्ञा दी गई। सामान्य जनमानस चैत्र की वासंतिक और आश्विन की शारदीय नवरात्रि से भली-भांति परिचित है, किंतु सनातन साधना पद्धति की गहन कंदराओं में दो अन्य नवरात्रियां भी अंतर्निहित हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इनमें प्रथम है= आषाढ़ गुप्त नवरात्रि। आषाढ़ मास में सूर्यदेव मिथुन राशि से कर्क राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे दक्षिणायन का प्रारंभ होता है। यह काल संधिकाल है, जहां से देवशयन की प्रक्रिया आरंभ होती है। इस ऋतु परिवर्तन और कालसंधि के क्षणों में ब्रह्मांडीय ऊर्जा का स्वरूप अत्यंत विरल, तीव्र और रहस्यात्मक हो जाता है।

वैदिक संहिताएं बाह्य प्रकृति के साथ-साथ अंतःप्रकृति के रहस्यों को उद्घाटित करती हैं। यद्यपि वेदों में नवरात्रि शब्द का साक्षात् उल्लेख उस रूप में नहीं मिलता जैसा कि परवर्ती पुराणों में है, किंतु शक्ति का जो गुप्त और रहस्यात्मक स्वरूप इस साधना का मूल आधार है, उसके बीज वेदों में पूर्णतः प्रस्फुटित हैं। ऋग्वेद के 10वें मंडल का 125वां सूक्त देवीसूक्तम् के नाम से विख्यात है। इसकी द्रष्टा महर्षि अम्भृण की दुहिता वाक् हैं। यहां वाक् स्वयं ब्रह्मविद्या के रूप में उद्घोष करती हैं-अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्... । यह मंत्र स्पष्ट करता है कि समष्टि की चेतना को संचालित करने वाली परम शक्ति अंतर्निहित और गुप्त रूप से चराचर जगत् में व्याप्त है। आषाढ़ मास की गुप्त साधना वास्तव में इसी अंतर्निहित वाक् शक्ति और चित् शक्ति को जाग्रत करने का उपक्रम है। आषाढ़ का मेघमय आकाश उस अव्यक्त, सघन और गुप्त ऊर्जा का प्रतीक है, जो वर्षा के रूप में प्रस्फुटित होने से पूर्व मेघों के गर्भ में छिपी रहती है। ऋग्वेद 10/ 127 का रात्रि सूक्त गुप्त नवरात्रि की साधना का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वैदिक आधार है। वेद कहते हैं- रात्रि व्यख्यदायती पुरुत्रा देव्यक्षभिः। विश्वा अधि श्रियोऽधित।।यहां रात्रि को देवी माना गया है। रात्रि कोई अंधकारमयी जड़ अवस्था नहीं है, अपितु वह जीव की समस्त थकावट को हरने वाली और उसे पुनः नवजीवन देने वाली पराशक्ति है। गुप्त आराधना का सीधा संबंध रात्रि सूक्त के इसी रहस्य से है, जहां साधक बाह्य जगत के कोलाहल से विमुख होकर अपने अंतःकरण के 'गुप्त तम' में उस परम ज्योति का अन्वेषण करता है। आषाढ़ मास की घनी कजरारी रातें इस अंतर्मुखी साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ प्राकृतिक परिवेश निर्मित करती हैं।उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय ब्रह्मविद्या है, और यह ब्रह्मविद्या शक्ति के बिना अपूर्ण है। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का दार्शनिक आधार उपनिषदों की इसी गूढ़ दृष्टि में निहित है, जो रहस्यात्मक और अंतर्मुखी है। केनोपनिषद के तृतीय और चतुर्थ खंड में वर्णित यक्षोपाख्यान शक्ति की सर्वोच्चता का अकाट्य औपनिषदिक प्रमाण है। जब अग्नि, वायु और इंद्र अपनी शक्ति के अहंकार में चूर हो जाते हैं, तब उनके सम्मुख एक परम प्रकाशवान यक्ष प्रकट होता है। अग्नि एक तिनके को जला नहीं पाते, वायु उसे उड़ा नहीं पाते। तब अंततः आकाश में परम सुंदरी उमा हैमवती प्रकट होती हैं।ऋषि कहते हैं कि वह उमा और कोई नहीं, बल्कि स्वयं ब्रह्मविद्या थीं, जिन्होंने देवताओं को बोध कराया कि तुम्हारी शक्ति वास्तव में उस परब्रह्म की ही शक्ति है। यह उमा हैमवती का स्वरूप ही गुप्त साधना का प्राप्य है। उपनिषद यहां संकेत करता है कि जब तक जीव के बाह्य इंद्रिय अभिमान (अग्नि-वायु रूपी इंद्रियां) शांत नहीं होते, तब तक अंतराकाश में उस गुप्त ब्रह्मविद्या का प्राकट्य नहीं होता। आषाढ़ की गुप्त नवरात्रि साधक को इसी अहंकार-विसर्जन की ओर प्रेरित करती है। श्वेताश्वतरोपनिषद 1/3 में ऋषियों ने ध्यान योग की पराकाष्ठा में उस परम सत्ता का दर्शन किया-ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।यहां प्रयुक्त स्वगुणैर्निगूढाम् (अपने ही गुणों से छिपी हुई या गुप्त) शब्द अत्यंत विचारणीय है। जो शक्ति अपने ही सत्व-रज-तम गुणों के आवरण में गुप्त है, उसे जाग्रत करना ही गुप्त नवरात्रि की सार्थकता है। आषाढ़ मास, जो कि उत्तरायण (प्रकाश) और दक्षिणायन (अंधकार) का संधिकाल है, इस निगूढ़ शक्ति के आवरण को हटाने के लिए आध्यात्मिक रूप से सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है।पौराणिक ग्रंथों ने वेदों के उसी गुप्त आध्यात्मिक सत्य को कथाओं और उपाख्यानों के माध्यम से जनमानस के लिए सुलभ और सुस्पष्ट किया है। देवी भागवत पुराण, मार्कण्डेय पुराण के अंतर्गत श्रीदुर्गासप्तशती और स्कन्द पुराण में गुप्त नवरात्रि की महिमा का विशद वर्णन अंकित है। मार्कण्डेय पुराण के अंतर्गत श्रीदुर्गासप्तशती में संवत्सर (वर्ष) की चार नवरात्रियों का परोक्ष संकेत मिलता है। यद्यपि व्यावहारिक रूप से दो ही नवरात्रियां (वासंतिक और शारदीय) जनसाधारण में प्रचलित हुईं, किंतु तांत्रिक और गंभीर साधकों के लिए आषाढ़ और माघ की नवरात्रियां सुरक्षित रखी गईं। सप्तशती के मूर्ति रहस्य और प्राधानिक रहस्य में जिन गुप्त शक्तियों का वर्णन है, वे सीधे तौर पर गुप्त नवरात्रि की अधिष्ठात्री देवी महाविद्याओं से जुड़ती हैं। देवी भागवत पुराण के अनुसार, आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का संबंध भगवान विष्णु के वराह अवतार से भी है। हिरण्याक्ष का वध करने और पृथ्वी को रसातल से निकालने के लिए भगवान वराह ने जिस आदिशक्ति की गुप्त रूप से स्तुति की थी, वह आषाढ़ मास की ही नवरात्रि थी। पृथ्वी स्वयं अन्नपूर्णा और आधार-शक्ति हैं, अतः पृथ्वी के उद्धार की यह साधना पूर्णतः गुप्त रखी गई थी ताकि आसुरी शक्तियां इसमें विघ्न न डाल सकें।सनातन काल गणना पूर्णतः वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि केवल किसी रूढ़िवादी परंपरा का हिस्सा नहीं है, अपितु इसके पीछे गहरा खगोलीय और जैविक विज्ञान काम करता है। आषाढ़ का महीना ग्रीष्म ऋतु के अवसान और वर्षा ऋतु के आगमन का संधिकाल होता है। इस समय वायुमंडल में अचानक आर्द्रता बढ़ती है, जिससे मानव शरीर के भीतर त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) असंतुलित होने लगते हैं। शरीर की जठराग्नि मंद हो जाती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता न्यूनतम स्तर पर पहुंच जाती है। हमारे आदि पूर्वजों ने इस काल में नौ दिनों के व्रत और संयम का विधान किया। व्रत रखने से शरीर डिटॉक्सिफाई होता है और मंद हुई जठराग्नि को पुनः बल मिलता है।आषाढ़ मास में सूर्य नारायण उत्तरायण की अपनी यात्रा समाप्त कर दक्षिणायन की ओर प्रवृत्त होते हैं। उत्तरायण को देवताओं का दिन और दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि माना जाता है। चूंकि यह देवताओं की रात्रि का प्रारंभ है, इसलिए ब्रह्मांड में अलौकिक, पराभौतिक और सूक्ष्म शक्तियां अधिक सक्रिय हो जाती हैं। इस समय की गई गुप्त साधना का फल अतिशीघ्र प्राप्त होता है, क्योंकि प्रकृति स्वयं अंतर्मुखी होने की प्रक्रिया में होती है। यदि चैत्र और आश्विन की नवरात्रियां नवदुर्गा (शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) को समर्पित हैं, तो आषाढ़ और माघ की गुप्त नवरात्रियाँ मुख्य रूप से दस महाविद्याओं की साधना का महापर्व हैं। तंत्र शास्त्र में इन महाविद्याओं को ब्रह्मांड के सर्वोच्च रहस्यों का प्रतीक माना गया है।आषाढ़ गुप्त नवरात्रि में साधक अपनी पात्रता के अनुसार महाकाली, तारा आदि दस शक्तियों की साधना करते हैं-महाकाली- यह काल की नियंत्रिका हैं। काल (समय) जो सबको निगल जाता है, उसे नियंत्रित करने वाली शक्ति काली हैं। यह चेतना की अद्वैत अवस्था है।तारा- यह तारणहार हैं। यह साधक को संसार-सागर के भय से मुक्त करती हैं। इन्हें वाक्-शक्ति की अधिष्ठात्री भी माना जाता है।त्रिपुरसुंदरी (षोडशी)- यह ब्रह्मांड के सौंदर्य और आनंद का साक्षात् स्वरूप हैं। 16 कलाओं से पूर्ण यह शक्ति चेतना की परम तृप्ति है।भुवनेश्वरी- यह समष्टि जगत् (चौदह भुवनों) की स्वामिनी हैं। अंतरिक्ष और अवकाश इन्हीं का स्वरूप है।भैरवी- यह तेज, अग्नि और विध्वंस की शक्ति हैं। यह साधक के भीतर के कुसंस्कारों और संशयों को भस्म कर देती हैं।छिन्नमस्ता- यह आत्म-बलिदान और काम-वासना के उन्मूलन की प्रतीक हैं। अपना ही शीश काटकर अपनी सखियों को रक्तपान कराना, अहंकार के पूर्ण विसर्जन को दर्शाता है।धूमावती- यह अभाव, दरिद्रता और शून्यता की देवी हैं। विधवा स्वरूप में पूजित यह महाविद्या संसार के अनित्य स्वभाव का बोध कराती हैं।बगलामुखी- यह स्तंभन की देवी हैं। यह शत्रुओं की वाणी, गति और बुद्धि का स्तंभन कर साधक को अजेय बनाती हैं।मातंगी- यह प्रकृति, कला, संगीत और उच्छिष्ट की देवी हैं। यह सामाजिक बंधनों से परे परम ज्ञान का प्रतीक हैं।कमला- यह समृद्धि, ऐश्वर्य और चेतना के विकास (कमल के समान खिलने) का पूर्ण स्वरूप हैं।गुप्त नवरात्रि का तात्पर्य ही यह है कि इसमें साधना को नितांत गोपनीय रखा जाए। तंत्रसार और कुलार्णव तंत्र में कहा गया है-गोपयेत् कुलाचारं गोपयेत् कुलाचारं गोपयेत् कुलाचारं प्रयत्नात।साधना जितनी गुप्त होगी, उसकी ऊर्जा का क्षय उतना ही कम होगा। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि में साधक बाह्य प्रदर्शन, आडंबर और सामाजिक कोलाहल से दूर रहकर, मौन व्रत धारण कर, रात्रि कालीन साधना को प्रधानता देते हैं। इसमें निशीथ काल (मध्यरात्रि) की पूजा का विशेष महत्त्व है।शाश्वत सत्य है कि कोई भी प्राचीन परंपरा तब तक प्रासंगिक नहीं हो सकती जब तक कि उसका कोई सार्वभौमिक और व्यावहारिक मूल्य न हो। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि आधुनिक मानव के मानसिक और आध्यात्मिक संकट का अचूक समाधान है। आज का मनुष्य बाह्य सूचनाओं के अतिरेक और सोशल मीडिया के कोलाहल से ग्रस्त है। उसका अंतःकरण अशांत है। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि मनुष्य को अंतर्मुखी होने का संदेश देती है। नौ दिनों के लिए बाह्य जगत् से थोड़ा गुप्त हो जाना, अपने विचारों को देखना और ध्यान के माध्यम से मानसिक कचरे को साफ करना ही इस युग में इस नवरात्रि की वास्तविक सार्थकता है। मनुष्य के भीतर तीन मूल शक्तियाँ काम करती हैं- इच्छा, ज्ञान और क्रिया। जब ये तीनों असंतुलित होती हैं, तो जीवन में अवसाद और असफलता आती है। गुप्त नवरात्रि की साधना इन तीनों शक्तियों को सुव्यवस्थित करती है। महाविद्याओं की उपासना से साधक के भीतर सोई हुई कुंडलिनी शक्ति जाग्रत होती है, जो रीढ़ के मूल (मूलाधार) से उठकर सहस्रार तक की यात्रा करती है।आषाढ़ गुप्त नवरात्रि केवल एक अनुष्ठान मात्र नहीं है, बल्कि यह सनातन भारतीय मनीषा द्वारा आविष्कृत अंतःचेतना के ऊर्ध्वगमन की एक वैज्ञानिक और प्रामाणिक प्रणाली है। वैदिक संहिताओं के गूढ़ मंत्रों से लेकर उपनिषदों के दार्शनिक सिद्धांतों तक, और पुराणों की आख्यायिकाओं से लेकर तंत्र शास्त्र के व्यावहारिक क्रियायोग तक- यह साधना सनातन संस्कृति की उस अटूट कल्पवल्ली के समान है जो मनुष्य को पशुत्व से मनुष्यत्व और मनुष्यत्व से देवत्व की ओर ले जाती है। इस आषाढ़ मास की मेघ-मालाओं के बीच, जब प्रकृति स्वयं को ढंककर एक नए सृजन की तैयारी कर रही होती है, साधक का भी यह परम कर्त्तव्य बनता है कि वह अपने बाह्य आवरणों को हटाकर अपने भीतर छिपी उस 'निगूढाम्' देवात्मशक्ति का साक्षात्कार करे। यही शाश्वत सत्य है, यही सनातन मार्ग है, और यही इस चराचर जगत् का अंतिम प्राप्य है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिंतक व साहित्यकार

# यूके व्यापार समझौते से प्रत्येक भारतीय के लिए बड़े अवसर खुलेंगे



श्री पीयूष गोयल

आज से, यूके को होने वाले भारत के लगभग सभी निर्यात पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। इससे हमारे छोटे व्यवसायों, किसानों, मछुआरों, नवोन्मेषकों, महिलाओं और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए बड़े अवसर खुलेंगे, क्योंकि परिवर्तनकारी 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता' (सीईटीए) आज से लागू हो रहा है।

यह भारत का सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है और यह बड़ी संख्या में नौकरियों और व्यापार- अवसरों का सृजन करके समृद्धि लाएगा। इससे भारतीय निर्माताओं को धीरे-धीरे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा और हर नागरिक को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले सामान प्राप्त करने का लाभ मिलेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को भी तेज गति मिलेगी।

व्यवसायियों में उत्साह है। उनके पास यूके को माल भेजने के लिए विस्तृत योजनाएं हैं। रत्न और आभूषण निर्यातकों को उम्मीद है कि यूके को होने वाला निर्यात अगले तीन साल या उससे भी कम समय में 230% बढ़कर 2.5 अरब डॉलर हो जाएगा, जबकि इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यातकों को उम्मीद है कि अगले 4-5 सालों में यूके को होने वाली बिक्री लगभग दोगुनी होकर 7.5 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगी।

पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए इस समझौते से, जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है, लगभग 99% टैरिफ लाइनों पर शुल्क तुरंत समाप्त हो जाएगा। इसमें लगभग 100% व्यापार मूल्य शामिल है, जिससे भारतीय निर्यात, जो वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद पहले से ही तेज़ी से बढ़ रहा है, के लिए अपार अवसर पैदा होंगे।

युवा सोच, वैश्विक अवसर- यह जन-केंद्रित एफटीए 15 जुलाई से लागू हो रहा है, जो विश्व युवा कौशल दिवस भी है। 2015 में इसी दिन पीएम मोदी ने कौशल भारत मिशन की शुरुआत की थी, जो हमारे युवाओं को न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने, योगदान देने और नेतृत्व करने में सक्षम बना रहा है।

भारतीय युवाओं के लाभ के लिए, यूके ने अब तक की अपनी सबसे व्यापक सेवा-संबंधी प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जिसमें सभी प्रमुख सेवा क्षेत्र और भारत के लिए निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण 137 उप-क्षेत्र शामिल हैं। बेहतर बाजार पहुँच और नियामक स्पष्टता से भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में समर्थन मिलेगा।

**रोज़गार के अवसर –** युवाओं को रोज़गार के ज़्यादा मौके मिलेंगे, क्योंकि बेहतर पहुँच के साथ रत्न और आभूषण, वस्त्र, चमड़ा और जूते, जैविक रसायन, प्लास्टिक, वाहन कल-पुर्जे, हस्तशिल्प और खाद्य प्रसंस्करण जैसे श्रम-गहन क्षेत्र अपने कामकाज का विस्तार करेंगे।

कुल मिलाकर, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं तक पहुंच को बढ़ावा देकर और प्रतिस्पर्धा क्षमता में सुधार करके, सीईटीए भारतीय युवाओं को जरूरी कौशल और अवसर प्रदान करेगा, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में सार्थक भूमिका निभा सकें और विकास में योगदान दे सकें।

सीईटीए का एक महत्वपूर्ण पहलू है, दोहरी योगदान व्यवस्था। यह ऐतिहासिक व्यवस्था, जो सीईटीए के साथ लागू हो रही है, भारतीय श्रमिकों और नियोक्ताओं को अस्थायी कार्य-भार के दौरान यूके में दोहरी सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट देती है।

कर्मचारियों के लिए अस्थायी विदेशी कार्य-भार पर निरंतर सामाजिक सुरक्षा कवरेज से 75,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों और 900 से अधिक कंपनियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**स्थानीय स्तर पर उगाएं, वैश्विक स्तर पर बेचें –** भारतीय किसानों को 37.5 बिलियन डॉलर के ब्रिटेन के बाजार तक आसान पहुंच से फायदा होगा। इससे भारतीय डेयरी उत्पादों, चाय, कॉफी, मसालों, फलों, सब्जियों, फलों के रस, मांस और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। यूके के लगभग 95% कृषि आयात भारत के लिए शुल्क- मुक्त होंगे। इस विशाल बाजार में निर्यात तीन वर्षों में 50% तक बढ़ सकता है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और कृषि मूल्य श्रृंखला में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस समझौते में डेयरी, सब्जियां, सेब, खाद्य तेल, जई (ओट्स), मोटे अनाज, कुकिंग ऑयल और अन्य जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को पूरी सुरक्षा दी गई है और इन्हें संवेदनशील सूची में रखा गया है। इन वस्तुओं पर ब्रिटेन को कोई सीमा-शुल्क छूट नहीं दी गई है। ये अपवाद मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषि समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को दर्शाते हैं।

**एसएमई – स्थानीय प्रयास, वैश्विक ताकत –** पीएम मोदी ने हमेशा से भारत के लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को उच्च प्राथमिकता दी है। सीईटीए में महत्वपूर्ण एसएमई क्षेत्र की मदद के लिए एक विशेष अध्याय है, 2024-25 में भारत के कुल निर्यात में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 45.8% थी। सीईटीए कई प्रमुख प्रावधानों के साथ एसएमई की मदद करेगा, जैसे तेज सीमा-शुल्क प्रक्रिया, डिजिटल प्रणालियों और दस्तावेज रहित व्यापार को मान्यता देने और सुविधाजनक बनाने के समझौते।

बाजार तक प्राथमिक पहुंच के अलावा, एसएमई को व्यापार, शिक्षा और वित्त, डिजिटल कौशल, व्यवसायिक अवसंरचना और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी सर्वोत्तम प्रथाओं पर बढ़ते सहयोग का भी लाभ मिलेगा।

**मछुआरों के लिए बड़ी खुशी –** सीईटीए से भारत के मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है, जो लगभग 28 मिलियन लोगों की आजीविका का ज़रिया है।

बाज़ार तक बेहतर पहुँच और ज़्यादा निर्यात से आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और महाराष्ट्र के मछुआरों को लाभ होगा। इससे न सिर्फ़ भारत के मत्स्य निर्यात को मज़बूती मिलेगी, बल्कि मछुआरों की भलाई और आजीविका में भी मदद मिलेगी और तटीय इलाकों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**महिलाओं के लिए बड़ी जीत –** यह ऐतिहासिक समझौता, जो पारंपरिक एफटीए से कहीं अधिक है, सतत और समावेशी आर्थिक विकास में महिलाओं के योगदान को मान्यता देता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए अवसर और लाभ को बढ़ावा देना है।

दोनों देशों ने महिलाओं की बाज़ार और उभरते क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ाने, वित्तीय समावेश और साक्षरता को बढ़ावा देने, कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए समान अवसर प्रदान करने, और उनकी क्षमता और कौशल विकसित करने जैसी विभिन्न गतिविधियाँ का वादा किया है।

सीईटीए सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है। यह भारत की क्षमताओं और आकांक्षाओं में विश्वास का एक वक्तव्य है। यह एक नए भारत को प्रतिबिंबित करता है, जो सिर्फ वैश्विक व्यापार में भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि इसे आकार देने में भी मदद कर रहा है। हमारे किसानों, मछुआरों, कामगारों, महिला उद्यमियों, एमएसएमई, पेशेवरों और युवाओं को सशक्त बनाकर, यह समझौता देश के प्रत्येक हिस्से में रह रहे हर भारतवासी को अवसर उपलब्ध कराएगा।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जुलाई, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 11:54 तक, नक्षत्र : पुष्य, 21:47 तक, योग : हरषाना, 08:01 तक, सूर्योदय: 05:01, सूर्यास्तः 18:24, चन्द्रोदय : 06:22, चन्द्रास्तः 20:03, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 12:19 से 13:59

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी मेहनत और लगन रंग लाती नजर आएगी। जिस काम को लेकर आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने के अच्छे संकेत हैं और अधूरे कार्य भी पूरे हो सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके रहन-सहन और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को पूरा करने के लिए सहयोगियों की मदद लेनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और नए विचार आपके काम को नई दिशा देंगे। अनावश्यक बातों में पड़ने से बचें।

**कर्क :** आज मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। काम में बदलाव करने का विचार आएगा, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा फैसला टालना ही बेहतर रहेगा। बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा।

**सिंह :** आज सफलता पाने के लिए पूरे ध्यान और एकाग्रता के साथ काम करना होगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में नए अवसरों के द्वार खोल सकती है।

**कन्या :** आज का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। एक साथ कई जिम्मेदारियां आने से भागदौड़ बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ किसी छोटी पार्टी या मिलन समारोह की योजना बन सकती है।

**तुला :** आज विरोधियों की कोशिशें आपकी समझदारी के आगे कमजोर पड़ सकती हैं। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आएंगे। हालांकि कोई काम आखिरी समय में अटक सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन उन्नति और नई सफलताओं की ओर इशारा कर रहा है। लगातार मिलने वाली अच्छी खबरें आपका उत्साह बढ़ाएंगी। आपकी सतर्कता आपको लाभ दिलाएगी।

**धनु :** आज खर्चों पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा। बजट बनाकर चलेंगे तो आर्थिक संतुलन बना रहेगा। यदि कहीं आपका पैसा फंसा हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना है।

**मकर :** व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक साबित हो सकता है। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुम्भ :** आज रुके हुए काम पूरे करने में थोड़ी मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। नौकरी में भी कुछ चुनौतियां सामने आएंगी, लेकिन धैर्य और समझदारी से आप उन्हें पार कर लेंगे।

**मीन :** आज आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर आपको सम्मान और नई पहचान मिलने के संकेत हैं। अपने आसपास के लोगों को समझने और छिपे हुए विरोधियों को पहचानने की जरूरत होगी।

## वर्ग पहेली नं. 3493

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | |
| 6 | | | ■ | 7 | 8 | | 9 | | ■ |
| | ■ | 10 | | ■ | | ■ | 11 | | 12 |
| | ■ | | ■ | 13 | | | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | | ■ | ■ | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | 17 | | | 18 | | ■ | |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | | ■ | 21 | |
| ■ | 22 | | | ■ | 23 | | 24 | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 2) शामियाना, 5) छोटा संघटित दल, 6) टिड्डा; कनकौवा, 7) बीच में, 10) निशाना, 11) स्वादहीन, 13) चमक, 14) जुल्फ़, 15) दूसरा, 17) आदर करनेवाला, 19) बिना मुड़े ; सज्जन, 20) गाड़ी, 21) वृक्ष का धड़, 22) नियंत्रण; बागडोर, 23) प्रेमासक्त; आज्ञापत्र, 25) निर्धारित, 26) इच्छा, 27) धान के बीजों के दाने.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एहसान, 2) सप्ताह का एक दिन, 3) ओहदा, 4) छोटा कीड़ा, 5) सेनापति; साधारण *(अंग्रेजी विशेषण)*, 8) रुपया - पैसा, 9) अर्थात् मतलब यह है, 12) हिचकिचाना; डरना, 13) जल्दी - जल्दी, 15) औषधागार; *कैमिस्ट्स,* 16) बेगम, 17) प्रलय, 18) जो न्यायालय में उपस्थित किया गया हो, 21) द्वेष की स्थिति; चिंता; *टैंशन,* 23) पृष्ठ, 24) वाणी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ख़ | बा | र | ■ | आ | प | स | दा | री |
| ना | ता | ■ | प | च | प | न | ■ | य | ■ |
| था | ■ | प | ट | ना | ■ | घ | ब | रा | ना |
| ल | प | ट | ■ | ■ | अ | ट | ल | ■ | श्र |
| य | ■ | क | ■ | पा | प | ■ | वा | षि | क |
| ■ | अ | ना | प | श | ना | प | ■ | ■ | र्ता |
| दे | न्य | ■ | च | ■ | ना | रे | बा | ज़ | ■ |
| नि | ■ | खा | ड़ा | ऊँ | ■ | श्र | ■ | बा | री |
| क | प | ड़ा | ■ | चा | ल | नी | ■ | नी | ति |

## सुडोकू-पहेली-3459

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 7 | 8 | 9 | 6 |
| | | 6 | 2 | | 8 | | | |
| 9 | | | 1 | | | 5 | | 7 |
| | 1 | | | | 6 | | 5 | |
| | | 5 | | 2 | 9 | | 8 | 1 |
| 7 | 9 | | | 8 | | | 3 | |
| 8 | 5 | | | 1 | | 3 | | |
| 4 | | | | | | 9 | | |
| | | | 6 | 3 | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3458 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 | 4 | 3 | 2 |

### रवींद्र सदन में 31वें दिव्य कला मेला का शुभारंभ, दिव्यांगों के सशक्तिकरण पर केंद्र और राज्य ने दिया जोर

# पिछले 30 दिव्य कला मेलों के आयोजन में दिव्यांग उद्यमियों ने 24 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया : मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र सदन में मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पहले दिव्य कला मेला तथा देश के 31वें दिव्य कला मेला का शुभारंभ हुआ। नौ दिवसीय यह मेला 14 से 22 जुलाई तक चलेगा। इसका आयोजन पश्चिम बंगाल सरकार के महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से किया गया है।



कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले, शहरी विकास एवं नगरपालिका कार्य विभाग मंत्री अग्निमित्रा पॉल, महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मालती रावा रॉय, शहरी विकास एवं नगर पालिका कार्य विभाग के राज्य मंत्री उमेश राय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव डॉ. संदीप राठौर, विभागीय सचिव मौमिता गोदारा बसु (आईएएस) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिसंबर 2022 में शुरू की गई दिव्य कला मेला पहल का उद्देश्य दिव्यांग कलाकारों, शिल्पकारों और उद्यमियों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना तथा उनमें आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि अब तक देशभर में 30 दिव्य कला मेलों का आयोजन किया जा चुका है और इन मेलों के माध्यम से दिव्यांग उद्यमियों ने 24 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। कोलकाता में आयोजित यह 31वां मेला है, जिसमें 40 स्टॉल लगाए गए हैं और अधिकांश प्रतिभागी पश्चिम बंगाल के दिव्यांगजन हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत दिव्यांगता की श्रेणियों को 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। साथ ही कौशल विकास, स्वरोज-गार, ऋण सुविधा और विपणन के अवसरों को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से वर्ष 2014 से अब तक 1,462 करोड़ रुपये का ऋण 1.82 लाख दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया गया है। वहीं 34.5 लाख दिव्यांगजनों को 57 लाख सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं, जिन पर 2,854 करोड़ रुपये खर्च किए गए तथा इसके लिए 20,621 शिविर लगाए गए।

डॉ. कुमार ने कहा कि मेले में केवल उत्पादों की बिक्री नहीं होती, बल्कि दिव्यांग कलाकारों को अपनी कला, संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने लोगों से दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पाद खरीदकर उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की अपील की।

उन्होंने नमस्ते (नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम) योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुरक्षा और आधुनिक मशीनों के माध्यम से सम्मानजनक एवं सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत व्यक्तिगत ऋण पर 5 लाख रुपये तक तथा सामूहिक ऋण पर 15 लाख रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, ताकि सफाई कर्मी मशीनों के माध्यम से कार्य कर सकें और मैनुअल सीवर सफाई से होने वाली दुर्घटनाओं को समाप्त किया जा सके।

राज्य की शहरी विकास एवं नगरपालिका कार्य विभाग मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि दिव्य कला मेला समावेशी समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार और दिव्यांग-अनुकूल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों के लिए राज्य सरकार ने स्वच्छ कवच नामक सुरक्षा किट तैयार की है, जिसमें रेनकोट, टोपी, दस्ताने, बूट और मास्क शामिल हैं।

मेले में दिव्यांग कलाकारों एवं शिल्पकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, चित्रकला, खाद्य सामग्री सहित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। इसके साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। समारोह के दौरान एएलआईएमसीओ द्वारा निर्मित सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया। मानसून के बाद उत्तर बंगाल में भी दिव्य कला मेला आयोजित किए जाने की घोषणा की गई।

# बैरकपुर-एस्प्लेनेड के बीच नई सरकारी बस सेवा शुरू

❑ **यात्रियों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने एक नई पहल करते हुए बैरकपुर और एस्प्लेनेड के बीच नई सरकारी बस सेवा का शुभारंभ किया है। इस नई सरकारी बस सेवा का उद्घाटन मंगलवार को परिवहन एवं श्रम विभाग के मंत्री-प्रभारी अर्जुन सिंह ने वेस्ट बंगाल ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के अधिकारियों की उपस्थिति में किया। परिवहन विभाग के मंत्री-प्रभारी के निर्देश पर वेस्ट बंगाल ट्रांसपोर्ट कॉरप-रेशन द्वारा शुरू की गई यह बस सेवा बी.टी. रोड और सी.आर. एवेन्यू होते हुए संचालित होगी तथा डनलप, श्यामबाजार और सेंट्रल मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण इलाकों को जोड़ेगी। इस नई



सेवा से बैरकपुर और आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही मध्य कोलकाता तक उनकी आवाजाही भी पहले से अधिक आसान हो जाएगी।

प्रारंभिक चरण में इस रूट पर तीन नॉन-एसी सरकारी बसों का संचालन किया जाएगा। बैरकपुर से बसें सुबह 5:45 बजे (बीडी), 6:00 बजे (पीडी) और 6:30 बजे (एनडी) रवाना होंगी, जबकि एस्प्लेनेड से वापसी में बसों का समय शाम 5:00 बजे (एनडी), 5:30 बजे (पीडी) और 6:00 बजे (बीडी) निर्धारित किया गया है। इस नई बस सेवा का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, किफायती और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराना है।

### एम्वे इंडिया ने प्रीमियम स्किनकेयर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेल्थ एवं वेलबीइंग क्षेत्र की कंपनी एम्वे इंडिया ने अपने प्रीमियम स्किनकेयर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रीशन मल्टी-डिफेंस यूवी प्रोटेक्ट लॉन्च किया है। न्यूट्रीलाइट के वनस्पति तत्वों (बॉटैनिकल्स) से युक्त यह नया उत्पाद त्वचा को धूप, प्रदूषण और अन्य पर्यावरणीय प्रभावों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रीशन रेंज का हिस्सा है, जिसमें प्राकृतिक तत्वों और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक का समन्वय किया गया है। एम्वे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि भारत में स्किनकेयर बाजार तेजी से बदल रहा है और उपभोक्ता अब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तथा प्राकृतिक तत्वों वाले उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## पीएम-पोषण योजना और मजबूत, बंगाल सरकार ने 639 करोड़ रुपये के पैकेज को दी मंजूरी

❑ **51.61 लाख विद्यार्थियों के लिए प्रति बच्चे प्रतिदिन भोजन पकाने की लागत 6.78 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये की गई**

❑ **2.24 लाख रसोइया-सहायिकाओं का मासिक मानदेय 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया जाएगा**

**कोलकाता :** बंगाल सरकार ने पीएम-पोषण योजना को और मजबूत बनाने के लिए 639 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है। इसके तहत विद्यार्थियों को अधिक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, सभी स्कूलों में एलपीजी आधारित रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा रसोइया-सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया है। सरकार के अनुसार, प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्तर के 51.61 लाख विद्यार्थियों के लिए भोजन पकाने की लागत 6.78 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति बच्चा प्रतिदिन कर दी गई है। इसके अलावा, पीएम-पोषण योजना से जुड़े सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत एलपीजी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए प्रति इकाई 3,000 रुपये की स्थापना लागत सरकार वहन करेगी। इन दोनों कदमों पर लगभग 414.63 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने योजना से जुड़ी लगभग 2.24 लाख रसोइया-सहायिकाओं का मासिक मानदेय 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये करने का भी फैसला किया है। इस मद में करीब 224 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से स्कूलों में सुरक्षित रसोई व्यवस्था, बच्चों को बेहतर पोषण और योजना से जुड़े कर्मियों को अधिक आर्थिक सहयोग मिलेगा। सरकार ने इसे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बंगाल के भविष्य में निवेश की दिशा में महत्व-पूर्ण कदम बताया है।

## बाली में तृणमूल नेता अविनाश सिंह गिरफ्तार, लोगों ने अंडे फेंके, मारपीट की



**हावड़ा :** हावड़ा के बाली क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस नेता अविनाश सिंह को बेलूड़ थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अविनाश सिंह को तृणमूल नेता कैलाश मिश्रा का करीबी माना जाता है। पुलिस के अनुसार, विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से वह कथित तौर पर फरार चल रहा था।गिरफ्तारी के बाद पुलिस अविनाश सिंह को जांच के सिलसिले में कैलाश मिश्रा के कार्यालय ले गई, जहां तलाशी अभियान चलाया गया। इसी दौरान कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस की मौजूदगी में कुछ लोगों ने अविनाश सिंह पर अंडे फेंके और उसके साथ धक्का-मुक्की तथा मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया।पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अविनाश सिंह को वहां से सुरक्षित निकाल लिया। मामले की जांच जारी है।

## कोलकाता मेट्रो का ऐतिहासिक कदम, ग्रीन लाइन में गंगा के नीचे से दौड़ेगी चालक रहित ट्रेन

**कोलकाता :** तकनीकी उन्नति की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए कोलकाता मेट्रो अब हावड़ा मैदान से गंगा नदी के नीचे से साल्टलेक सेक्टर फाइव (ग्रीन लाइन) के बीच चालक रहित मेट्रो चलाने की तैयारी में है। कमिश्नर आफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) ने सुरक्षा के तमाम मानकों की गहन जांच के बाद इस रूट पर 'आटोमैटिक ट्रेन आपरेशन (एटीओ) मोड' को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। बीते रविवार को हुगली नदी के नीचे बने अंडरवाटर टनल सहित पूरे रूट पर इस अत्याधुनिक तकनीक का बेहद सफल प्रायोगिक परीक्षण किया गया, जहां यह तकनीक सभी पैमानों पर खरी उतरी।

मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, तकनीकी रूप से यह ट्रेन पूरी तरह चालक रहित दौड़ने में सक्षम है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा और सुचारू संचालन को देखते हुए फिलहाल पूरी तरह से ड्राइवरलेस सेवा शुरू करने की योजना नहीं है। शुरुआती चरण में ट्रेन के केबिन में मोटरमैन मौजूद रहेंगे, लेकिन इस तकनीक के आने से उनके काम का बोझ और मानसिक तनाव काफी कम हो जाएगा।

रविवार दोपहर हुए इस सफल ट्रायल के बाद अब आम जनता के लिए इस कमर्शियल सेवा को कब से लागू किया जाएगा, इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा मेट्रो प्रशासन जल्द ही करेगा।

## बंगाल की खाड़ी में ऊंची लहरों से ट्रॉलर क्षतिग्रस्त, 13 मछुआरे सुरक्षित बचाए गए

❑ **काकद्वीप के निकट 'एफबी सिद्धिविनायक' ट्रॉलर दुर्घटनाग्रस्त**

❑ **सुंदरबन में नहीं थम रहे समुद्री हादसे, एक सप्ताह में दूसरी बड़ी घटना**

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में मौसम के बदले मिजाज और उफनती लहरों के बीच लगातार दूसरे बड़े हादसे ने मछुआरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। समुद्र में मछली पकड़कर तट की ओर लौट रहा काकद्वीप का एक ट्रालर 'एफबी सिद्धिविनायक' सोमवार रात बक्खाली तट से करीब 30 किलोमीटर दूर भीषण लहरों की चपेट में आ गया। लहरों के जोरदार थपेड़ों के कारण ट्रालर का निचला हिस्सा फट गया और वह देखते ही देखते समुद्र में समा गया। गनीमत यह रही कि पास में मौजूद एक अन्य ट्रालर के मछुआरों ने तत्परता दिखाते हुए देवदूत की तरह मोर्चा संभाला और डूब रहे सभी 13 मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया। हालांकि, दुर्घटनाग्रस्त ट्रालर को पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका। यह हादसा इसलिए भी दिल दहला देने वाला है क्योंकि महज कुछ दिन पहले ही पूर्व मेदिनीपुर के शंकरपुर मत्स्य बंदरगाह से निकला एक अन्य ट्रालर लापता हो गया था, जिसे रविवार को सुंदरबन के गोवर्धनपुर में बरामद किया गया। उस ट्रालर पर सवार 16 मछुआरों में से नौ के शव पुलिस और आपदा प्रबंधन बल ने बरामद कर लिए हैं, जबकि छह मछुआरे अब भी लापता हैं। बंगाल की खाड़ी में पिछले कई दिनों से जारी खराब मौसम और अशांत लहरों के कारण प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। समुद्र में गए अधिकांश ट्रालरों को वापस तट पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं और मछुआरों की सुरक्षा के लिए तटीय इलाकों में कड़ा पहरा बिठाया गया है।

### अमेजन का मेगा फुटबॉल फेस्ट, 19 जुलाई तक फुटबॉल गियर और इलेक्ट्रॉनिक्स पर आकर्षक ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** फुटबॉल सीजन के बीच अमेजन ने ग्राहकों और खेल प्रेमियों के लिए अपना मेगा फुटबॉल फेस्ट शुरू किया है। यह विशेष स्टोर 19 जुलाई 2026 तक लाइव रहेगा, जहां नाइकी, एडिडास, प्यूमा, सैमसंग, बोट, निविया, निन्जा और वूप जैसे प्रमुख ब्रांड्स के फुटबॉल गियर, ऑफिशियल टीम जर्सी, ट्रेनिंग उपकरण, स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, स्ट्रीमिंग डिवाइस और मैच-डे से जुड़े उत्पाद आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध हैं। ग्राहक अमेजन पे यूपीआई के जरिए चुनिंदा फुटबॉल गियर पर न्यूनतम 199 रुपये की खरीदारी करने पर 100 रुपये तक की 12 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों और फुटबॉल प्रशंसकों के लिए फुटबॉल, ट्रेनिंग किट, शिन गार्ड्स, फिटनेस ट्रैकर्स और ऑफिशियल जर्सी के साथ घरेलू मनोरंजन के लिए स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर और फायर टीवी स्टिक जैसे उत्पाद एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए हैं।

### अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में अल्बर्ट बैरो सर्व भारतीय अंतर विद्यालय सृजनात्मक अंग्रेजी भाषा लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन, लिलुआ के ऑडिटोरियम में अल्बर्ट बैरो सर्व भारतीय अंतर विद्यालय सृजनात्मक अंग्रेजी भाषा लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। विभिन्न 18 विद्यालयों से आए 18 प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मक लेखन प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री सरोज श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारीगणों की उपस्थिति में माँ सरस्वती, भगवान गणेश, महाराज अग्रसेन तथा विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय वासुदेव टिकमानी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता के आरंभ में ए.टी.ई. अल्बर्ट बैरो के व्यक्तित्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने भाषा पर अपनी सशक्त पकड़, मौलिक चिंतन तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता शांत, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। विद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई और विद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया । धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा

❑ **यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे ने झारखंड के रांची मंडल स्थित पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा कर लिया है। भारतीय रेल की इस महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनाकर लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। पुनर्विकसित दोनों स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं, बेहतर सुगमता और उन्नत आधारभूत संरचना विकसित की गई है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव मिलेगा।



रांची मंडल के अंतर्गत आने वाले पिस्का रेलवे स्टेशन को आधुनिक एवं यात्री-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसके पुनर्विकास से रांची और आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही बेहतर रेल संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश को बढ़ावा तथा पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। वहीं, मुरी रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण क्षेत्रीय परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह स्टेशन प्रमुख औद्योगिक केंद्रों, सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क उपलब्ध कराने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दोनों स्टेशनों पर आधुनिक स्टेशन भवन, नया सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, लिफ्ट, फुट ओवर ब्रिज, उन्नत प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, पेयजल बूथ, नया बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय, बैठने की बेहतर व्यवस्था, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति पर आधारित आकर्षक सज्जा विकसित की गई है। इसके अलावा, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाओं के तहत रैंप, विशेष बुकिंग काउंटर, सुलभ शौचालय, पार्किंग और टैक्टाइल टाइल्स जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### कोलकाता आवास पंजीकरण में एच1 2026 में कोलकाता में 14% वर्ष-दर-वर्ष की गिरावट : नाइट फ्रैंक इंडिया

**कोलकाता :** देश की अग्रणी रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, एच1 2026 (जनवरी - जून) के दौरान कोलकाता महानगरीय क्षेत्र में कुल 26,207 अपार्टमेंट पंजीकृत किए गए, जो वर्ष-दर-वर्ष 14% की गिरावट दर्शाता है। यद्यपि एच1 2025 की असाधारण रूप से मजबूत अवधि की तुलना में पंजीकरण गतिविधि में कमी आई, फिर भी ऐतिहासिक मानकों के अनुसार बाजार में लेनदेन की मात्रा स्वस्थ स्तर पर बनी रही। जून 2026 में 3,669 आवास पंजीकरण दर्ज किए गए, जिसमें भी वर्ष-दर-वर्ष 14% की गिरावट तथा माह-दर-माह 21% की कमी दर्ज की गई। शिशिर बैजल, इंटरनेशनल पार्टनर, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, नाइट फ्रैंक इंडिया, ने कहा, एच1 2026 के दौरान कोलकाता में आवासीय पंजीकरण में कमी दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में असाधारण रूप से मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया गया था।

### एअर इंडिया दुनिया की टॉप 5 समय की सबसे पाबंद ग्लोबल एयरलाइंस में शामिल

**कोलकाता :** एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम ने जून 2026 में एअर इंडिया को दुनिया की चौथी समय की सबसे पाबंद एयरलाइन का दर्जा दिया है। यह भरोसेमंद संचालन और शेड्यूल के अनुपालन पर एयरलाईन के लगातार फोकस को दर्शाता है। सिरियम द्वारा जून 2026 में जारी ऑन-टाइम परफॉर्मेंस रिपोर्ट के अनुसार, इस माह के दौरान एअर इंडिया 15,135 उड़ानों को ट्रैक किया गया, जिनमें से 86.85 उड़ानें समय पर पहुंची। इसी तरह 86.23 फीसदी उड़ानें समय पर रवाना हुईं और एयरलाईन ने 99.7 फीसदी का कंप्लीशन फैक्टर भी दर्ज किया, यानि लगभग सभी शेड्यूल्ड उड़ानें योजना के अनुसार संचालित हुईं। 2026 के अंत तक, एअर इंडिया के वाइडबॉडी फ्लीट में 50 फीसदी से अधिक विमानों में नए या अपग्रेडेड इंटीरियर होंगे, जिससे एयरलाइन के लंबी दूरी के नेटवर्क पर मेहमानों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

## महाबीर डांवर ज्वेलर्स के कपल नंबर 1 सीजन-5 का भव्य आगाज

❑ **विजेता जोड़ी को मिलेगा बाकू की ग्रैंड प्राइज ट्रिप का मौका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाबीर डांवर ज्वेलर्स ने प्यार, साथ और मजबूत रिश्तों का जश्न मनाने वाले अपने बहुप्रतीक्षित आयोजन कपल नंबर 1 - सीजन 5 की घोषणा कर दी है। पिछले संस्करणों की शानदार सफलता के बाद इस बार का सीजन और भी बड़ा एवं रोमांचक होने जा रहा है, जिसमें विवाहित जोड़ों को अपने रिश्ते की खूबसूरत यात्रा को साझा करने और यादगार पल बनाने का अवसर मिलेगा।



कपल नंबर 1 - सीजन 5 का कर्टेन रेजर कार्यक्रम मंगलवार को कोलकाता के पार्क स्ट्रीट स्थित महाबीर डांवर ज्वेलर्स के शोरूम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिनेत्री ऋचा शर्मा, सेलिब्रिटी मोटिवेशनल स्पीकर नैना मोरे, बेंचमार्क ग्रुप की सीईओ राधिका नवलखा अग्रवाल और महाबीर डांवर ज्वेलर्स की डिजाइन हेड राजश्री सोनी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में एमडीजे के निदेशक विजय सोनी, अरविंद सोनी, संदीप सोनी और अमित सोनी भी उपस्थित थे।

महाबीर डांवर ज्वेलर्स के निदेशक विजय सोनी और संदीप सोनी ने कहा कि कपल नंबर 1 के हर संस्करण ने कई प्रेरणादायक प्रेम कहानियों को सामने लाया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विजेता जोड़ी को खूबसूरत अंतरराष्ट्रीय शहर बाकू की यादगार हॉलिडे ट्रिप से सम्मानित किया जाएगा। एमडीजे की डिजाइन हेड राजश्री सोनी ने कहा कि आभूषण हमेशा से प्यार, विश्वास और अनमोल यादों का प्रतीक रहे हैं। कपल नंबर 1 रिश्तों की इन्हीं भावनाओं को सम्मान देने वाला मंच है। कपल नंबर 1 - सीजन 5 का ग्रैंड फिनाले सितंबर 2026 में आयोजित किया जाएगा।

## राजस्थान के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से हुई औपचारिक मुलाकात



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में जोड़ासांको के विधायक विजय ओझा के निवास पर राजस्थान के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एक औपचारिक मुलाकात आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा के कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर सुशील ओझा, भाजपा युवा नेता रितेश खटेड़, पवन शर्मा, जय व्यास, रोहित संचेती, अणुव्रत समिति के बीरेन्द्र बोहरा और मनीष बैद मौजूद रहे।

## वंदे भारत यात्रियों के सफर में नई सुविधा, हावड़ा डिवीजन ने लॉन्च की 'वंदे एक्सप्रेस' फिजिटल मैगजीन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने एक नई पहल शुरू की है। हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए विशेष रूप से तैयार 'वंदे एक्सप्रेस' नामक फिजिटल (प्रिंट और डिजिटल का संयोजन) मैगजीन लॉन्च की गई है। यह मैगजीन यात्रियों को पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी और इसके लिए भारतीय रेलवे पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

इस प्रीमियम फैमिली मैगजीन की परिकल्पना और निर्माण अनेदर इंडिया द्वारा किया गया है। इस परियोजना की शुरुआत पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में की गई। 'वंदे एक्सप्रेस' का औपचारिक शुभारंभ पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा, हावड़ा डिवीजन के डीआरएम विशाल कपूर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

मैगजीन में प्रिंट सामग्री के साथ क्यूआर कोड आधारित डिजिटल सुविधाएं भी शामिल हैं। यात्री इसके माध्यम से यात्रा गाइड, पर्यटन स्थलों की जानकारी, क्षेत्रीय विरासत से जुड़ी कहानियां, लाइफस्टाइल लेख और बच्चों के लिए मनोरंजक इंटरैक्टिव गेम्स का आनंद ले सकेंगे। इसके




अलावा इसमें रेलवन ऐप, रेल मदद सेवा, अमृत भारत स्टेशन योजना और आगामी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों जैसी रेलवे की महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी भी दी गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि 'वंदे एक्सप्रेस' तकनीक और सुविधा के मेल से तैयार एक इंटरैक्टिव यात्रा साथी है, जो यात्रियों को पूर्वी भारत की विरासत और रेलवे के डिजिटल विकास से जोड़ने का काम करेगी।

# ममता सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की होगी जांच, शुभेंदु सरकार ने आयोग गठित किया

### ममता सरकार के कार्यकाल में अम्फान राहत, शिक्षक भर्ती और मिड-डे मील मामलों की जांच करेगा 'जस्टिस बोस आयोग', सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां मिलीं

**कोलकाता :** बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की नई सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी है। शुभेंदु सरकार ने वर्ष 2011 से मई 2026 के बीच हुए कथित बड़े घोटालों की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय आयोग का गठन किया है। कलकत्ता हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस इस आयोग की कमान संभालेंगे। नवान्न (राज्य सचिवालय) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह आयोग शिक्षा, खाद्य एवं आपूर्ति, राहत व आपदा प्रबंधन, नगर पालिका, पंचायत, आवास और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न विभागों में हुए भ्रष्टाचार की गहन जांच करेगा।

राज्य गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आयोग के दायरे में अम्फान राहत घोटाला, 100 दिन की रोजगार योजना (मनरेगा) में अनियमितता, मिड-डे मील घोटाला, सरकारी धन का गबन, झूठे मुकदमों में फंसाना, अवैध निर्माण और प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षक भर्ती में हुए महाघोटाले शामिल होंगे। आयोग के प्रशासनिक ढांचे को बेहद मजबूत बनाया गया है, जिसमें जांच विभाग के प्रमुख एक वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी होंगे, जबकि प्रशासनिक विंग की कमान आइएएस या डब्ल्यूबीसीएस अधिकारी के हाथों में होगी। तकनीकी सहायता के लिए पश्चिम बंगाल राजस्व सेवा के अधिकारी को तैनात किया जाएगा।

इस आयोग को दीवानी अदालत (सिविल कोर्ट) जैसी शक्तियां दी गई हैं, जिसके तहत यह किसी भी व्यक्ति को समन भेजकर बयान दर्ज कर सकता है और भ्रष्टाचार की पुष्टि होने पर सीधे पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश कर सकता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआइ/ईडी) के अधीन चल रहे मामलों में यह हस्तक्षेप नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार पर 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि केवल जेल जाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि अब भ्रष्टाचारियों की संपत्तियां जब्त कर नीलाम की जाएंगी और उन आ-लीशान प्रसादों में कोलकाता के फ्लाईओवरों के नीचे रहने वाले गरीबों को बसाया जाएगा।

## पूर्व ममता सरकार की 'स्वास्थ्य साथी' के बदले शुभेंदु सरकार का नई पहल, जल्द शुरू होगी 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना'

### पांच लाख रुपये तक मिलेगा कैशलेस इलाज, रूपरेखा तैयार करने में जुटा विभाग

**कोलकाता :** बंगाल में सत्ता की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव शुरू कर दिया है। राज्य में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत योजना' को लागू कर दिया है, जिसके लिए लाखों लोगों ने आवेदन किया है। हालांकि, आयुष्मान भारत के कड़े पात्रता मानदंडों और सामाजिक-आर्थिक व जाति जनगणना की शर्तों के कारण राज्य की एक बड़ी आबादी इस मुफ्त इलाज के दायरे से बाहर हो रही थी। आम जनता की इसी परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने का ऐतिहासिक एलान



किया है। इसके तहत आयुष्मान भारत से वंचित रह गए लोगों को भी सालाना पांच लाख रुपये तक के मुफ्त कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

पारंपरिक आयुष्मान भारत योजना के तहत पक्के मकान वाले परिवारों और सफाईकर्मी, घरेलू सहायक, हाकर, रिक्शा चालक, राजमिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन व सुरक्षा गार्ड जैसे चुनिंदा 11 व्यावसायिक क्षेत्रों से बाहर के लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे ही मध्यमवर्गीय और वंचित परिवारों के लिए यह नई राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना एक बड़ा सहारा बनेगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखर्जी ने बताया कि योजना को धरातल पर उतारने के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। सरकार इस बात पर भी गंभीरता से विचार कर रही है कि पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार के समय जारी किए गए 'स्वास्थ्य साथी' कार्डधारकों के डेटा को सीधे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना में स्थानांतरित किया जाए या नए सिरे से आवेदन लिए जाएं। स्वास्थ्य विभाग बहुत जल्द इस योजना के अंतिम प्रारूप और आवेदन प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा करेगा।

## बीस साल बाद तसलीमा नसरीन आ रही हैं कोलकाता, शुभेंदु अधिकारी को न्योता

❑ **वामपंथ और तृणमूल शासन के दौर में झेलना पड़ा था अघोषित बैन**

**कोलकाता :** तसलीमा नसरीन के चर्चित उपन्यास 'द्विखंडित' यादों के बीच लेखिका करीब दो दशकों के बाद बंगाल की धरती पर कदम रखने जा रही हैं। आगामी एक अगस्त को कोलकाता के प्रतिष्ठित रवींद्र सदन में आयोजित होने वाले एक विशेष सांस्कृतिक व विमर्श कार्यक्रम में वे शिरकत करेंगी। 'सेक्युलर मिशन' और 'ह्यूमन राइट्स एंड बांग्लादेश फ्रीडम फाइटर्स फाउंडेशन' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने इसमें शामिल होने के लिए अपनी सहमति दे दी है।

आयोजकों का स्पष्ट कहना है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भयमुक्त माहौल बना है, क्योंकि पिछली दोनों सरकारें कट्टरपंथियों के आगे नतमस्तक थीं। हालांकि, इस दौरे को लेकर राज्य में सियासी पारा भी चढ़ गया है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट( आइएसएफ) विधायक नौशाद सिद्दीकी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिजली और राशन के वादे पूरे करने में नाकाम रही भाजपा सरकार तसलीमा के बहाने अल्पसंख्यक विरोधी एजेंडा चमका रही है। गौरतलब है कि साल 2007 में वामपंथी शासन के दौरान तसलीमा की किताब 'द्विखंडित' को लेकर कोलकाता में हिंसक प्रदर्शन हुए थे, जिसके बाद बुद्धदेव सरकार ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में ममता सरकार के दौरान भी यह अघोषित प्रतिबंध जारी रहा। दिल्ली में गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप से रेजिडेंस परमिट रिन्यू होने के बाद अब तसलीमा की कोलकाता वापसी सांस्कृतिक और राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ चुकी है।

## विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विदेशों में कंसल्टेंट नियुक्त करेगी बंगाल सरकार

❑ **विदेशी उद्योगपतियों के बीच बंगाल की औद्योगिक छवि मजबूत करने की बनाई जा रही योजना**

❑ **औद्योगिक परियोजनाओं के लिए अनुपयोगी और उपलब्ध जमीन का डाटा बैंक तैयार करने के निर्देश**

**कोलकाता :** बंगाल में निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार कारपोरेट शैली अपनाने की तैयारी में है। इसके तहत विभिन्न देशों में कंसल्टेंट नियुक्त करने की योजना बनाई जा रही है। इनका दायित्व विदेशी उद्योगपतियों के सामने बंगाल को निवेश के लिए उपयुक्त और उद्योग अनुकूल राज्य के रूप में प्रस्तुत करना तथा उन्हें यहां निवेश के लिए प्रोत्साहित करना होगा। यह निर्णय सोमवार को राज्य सचिवालय नवान्न में उद्योग संबंधी मंत्रिगोष्ठी की पहली बैठक में लिया गया।

बैठक में राज्य में निवेश के लिए मिले प्रस्तावों की समीक्षा के साथ उद्योगों के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को उन जमीनों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जो पहले उद्योगों के लिए आवंटित की गई थीं लेकिन अब तक उनका उपयोग नहीं हुआ है।

❑ **पिछली सरकार के समय जमीन से जुड़ा कोई व्यवस्थित डाटा बैंक तैयार नहीं किया गया था**

सरकार को शुरुआती समीक्षा में पता चला कि पिछली सरकार के समय जमीन से जुड़ा कोई व्यवस्थित डाटा बैंक तैयार नहीं किया गया था और अधिकांश जानकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है।

इसके बाद अधिकारियों को राज्य की सभी उपलब्ध जमीन का विस्तृत ब्यौरा तैयार करने को कहा गया है। योजना के तहत तीन श्रेणियों में जमीन की पहचान की जाएगी। पहली, उद्योगों के लिए आवंटित लेकिन अब तक अनुपयोगी पड़ी जमीन। दूसरी, सरकार के स्वामित्व वाली जमीन और ऐसी जमीन जिसका स्पष्ट स्वामित्व दर्ज नहीं है। तीसरी, जरूरत पड़ने पर निजी हाथों में मौजूद जमीन को वापस लेने की संभावनाओं का भी आकलन किया जाएगा।

❑ **राज्य में नए उद्योगों और निवेश को गति मिलेगी :** बैठक में सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव विदेशों में कंसल्टेंट नियुक्त करने का रहा। ये कंसल्टेंट विभिन्न देशों में रहकर निवेशकों को बंगाल की औद्योगिक संभावनाओं, नई सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देंगे।

सरकार का मानना है कि इससे राज्य में नए उद्योगों और निवेश को गति मिलेगी। बैठक में वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता, उद्योग मंत्री तापस राय, नगर विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल, परिवहन एवं श्रम मंत्री अर्जुन सिंह तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सरकार के अनुसार, निवेश और औद्योगिक विकास की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए मंत्रिगोष्ठी की अगली बैठक जल्द आयोजित की जाएगी।

## बंगाल सरकार ने मरीजों के लिए भोजन पर दैनिक खर्च को दोगुना बढ़ाकर 110 रुपये किया

❑ **बढ़ी हुई दर एक अगस्त से लागू होगी, सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब मिलेगा बेहतर भोजन**

**कोलकाता :** बंगाल सरकार ने सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन पर रोजाना होने वाले खर्च को लगभग दोगुना बढ़ाते हुए 56.64 रुपये से 110 रुपये प्रतिदिन कर दिया है। यह नई व्यवस्था एक अगस्त से लागू होगी। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित समिति की समीक्षा के बाद भोजन पर दैनिक खर्च की संशोधित दर को मंजूरी दी गई है। मालूम हो कि बंगाल में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा पिछले माह पेश अपने पहले राज्य बजट में मरीजों के लिए भोजन पर दैनिक खर्च में दोगुना वृद्धि कर 110 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की गई थी। अब राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया कि समिति ने जून में मौजूदा दरों की समीक्षा की और इसमें खाने-पीने की चीज़ों की मौजूदा बाज़ार कीमतों को ध्यान में रखा। अधिसूचना में कहा गया है कि 'फुल राइस डाइट' के लिए बढ़ी हुई दर एक अगस्त से सरकारी अस्प-तालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों पर लागू होगी। यह मौजूदा नियमों के अधीन होगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों और स्कूलों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और उसके पोषण मूल्य में सुधार के लिए 'ऐतिहासिक और जन-केंद्रित' कदम उठाया है।

## एसआईटी बारुईपुर मामले के तीन आरोपियों को घटना स्थल पर ले गई, नमूने एकत्र किये गए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक नाबालिग लड़की से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में गिरफ्तार किये गए तीन आरोपियों को विशेष जांच दल (एसआईटी) मंगलवार को बारुईपुर स्थित घटनास्थल पर ले गया और वारदात की कड़ियों को जोड़कर यह पता लगाने का प्रयास किया कि पूरी घटना किस क्रम में हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांचकर्ताओं के साथ एक फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर गई और जारी जांच के तहत वहां से नये नमूने एकत्र किए। अधिकारी ने बताया कि यह कवायद रेलवे पटरी के पास उस स्थान पर की गई, जहां नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। तीनों आरोपियों कबीर मुल्ला, आनंद सरदार और दिबाकर सरदार को घटनास्थल पर ले जाया गया तथा दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उन्हें घटना के क्रम के बारे में बताने को कहा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'आरोपियों के बयानों की पुष्टि करने और अब तक जुटाए गए सबूतों से उनका मिलान करने के लिए घटनाक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई गई। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने भी घटनास्थल की जांच की और अतिरिक्त नमूने एकत्र किए, जिन्हें वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा जाएगा।' मंगलवार को यह कवायद उस घटना के एक सप्ताह बाद की गई, जब एक अन्य आरोपी प्रभास मंडल की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। अधिकारी ने कहा कि जांच कई स्तर पर आगे बढ़ रही है और उपलब्ध सभी वैज्ञानिक व फॉरेंसिक साक्ष्यों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शनिवार को बारुईपुर पहुंचे थे और उन्होंने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया था कि कथित दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की जाएगी और इसे इस तरह किया जाएगा कि यह एक मिसाल बने। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद पीड़िता के पिता ने जांच की प्रगति पर संतोष जताया था। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। दुष्कर्म और हत्या के मामले के अलावा अन्य प्राथमिकी में, विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ की कथित हिंसा में इंद्रजीत मंडल नाम के व्यक्ति की मौत, पुलिसकर्मियों पर हमला, सड़क अवरूद्ध करने और तोड़फोड़ की घटना तथा रेल यातायात सेवाओं में बाधा डालने और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामले शामिल हैं।

## नगर निकाय भर्ती घोटाला : ईडी की जांच का दायरा बढ़ा, मदन मित्रा के परिवार को समन



❑ **ईडी की जांच में कुछ वित्तीय लेनदेन में परिवार के सदस्यों के नाम सामने आए हैं**

**कोलकाता :** नगर निकाय भर्ती घोटाले की जांच में ईडी ने अब तृणमूल विधायक मदन मित्रा के परिवार पर शिकंजा कसना शुरू किया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, कमरहाटी के विधायक मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। जांच के दौरान कुछ वित्तीय लेनदेन में उनके नाम सामने आने के बाद एजेंसी ने उन्हें तलब करने का फैसला किया है।

इससे पहले जून में ईडी ने मदन मित्रा के भवानीपुर और कालीघाट स्थित आवास सहित कोलकाता और आसपास के सात ठिकानों पर छापेमारी की थी। दक्षिणेश्वर, संतोषपुर, जोका और बेलियाघाटा में भी तलाशी अभियान चलाया गया था। इससे पहले पिछले वर्ष अक्टूबर में इसी मामले की जांच के सिलसिले में सीबीआइ ने भी मदन मित्रा के घर लगभग पांच घंटे तक तलाशी ली थी। नगर निकाय भर्ती घोटाले में ईडी पहले ही पूर्व मंत्री सुजीत बसु को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच एजेंसी ने सुजीत बसु और उनके बेटे समुद्र बसु के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र भी दाखिल किया है।

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बिधाननगर में विधायक कार्यालय व सेवा केंद्र का उद्घाटन

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को साल्टलेक विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिधाननगर में विधायक शरद्वत मुखोपाध्याय के नए विधायक कार्यालय एवं सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा केंद्र का उद्देश्य





आम लोगों की समस्याओं को सुनना, उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं और आवश्यक सहायता को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं के शीघ्र निस्त-ारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधायक शरद्वत मुखोपाध्याय ने कहा कि सेवा केंद्र और विधायक कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर जनसुविधाओं से जुड़ी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और जनसेवा को अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाया जाएगा। इस दौरान अनंत काशी के गुरु जी श्री श्रद्धा राजेश जी मिश्रा ,विनय दुबे , समाजसेवी विकास जायसवाल, तिनकोरी दत्ता, मनोज सिंह उपस्थित रहे।

## गोघाट के तृणमूल नेता फरीद खान गिरफ्तार, रंगदारी और अवैध हथियार मामले में कार्रवाई

**हुगली :** रंगदारी, इलाके में अशांति फैलाने और अन्य गंभीर आरोपों के मामले में गोघाट के प्रभावशाली तृणमूल कांग्रेस नेता फरीद खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह गोघाट-दो पंचायत समिति के कर्माध्यक्ष तथा पश्चिमपाड़ा क्षेत्र तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। मंगलवार को आरामबाग महकमा अदालत में पेशी के दौरान फरीद खान ने मीडिया से कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। पुलिस के अनुसार, 21 मई को गोघाट के पश्चिमपाड़ा के झरिया इलाके में फरीद खान के घर से कुछ ही दूरी पर देशी हथियार और बारूद से भरे बोरे बरामद किए गए थे। इस घटना के बाद से वह फरार चल रहे थे। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि विधानसभा चुनाव के परिणाम प्रतिकूल होने की स्थिति में इलाके में हिंसा फैलाने के उद्देश्य से हथियार और विस्फोटक जमा किए गए थे। तभी से फरीद खान की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। आखिरकार गोघाट थाना पुलिस ने कोलकाता के दमदम इलाके से फरीद खान को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि फरीद खान को आरामबाग की पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार तथा हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में गोघाट से तृणमूल उम्मीदवार रहे निर्मल माझी का करीबी माना जाता है।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जूट क्षेत्र के विकास के लिए व्यापक रोडमैप तैयार करने का किया आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जूट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने, मशीनीकरण को बढ़ावा देने, गुणवत्ता सुधार, मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। बैरकपुर स्थित आईसीएआर-केंद्रीय पटसन एवं संबद्ध रेशा अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषक सभा और किसान-वैज्ञानिक-विशेषज्ञ संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य जूट किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाना और भारत की वैश्विक जूट उत्पादन एवं निर्यात





क्षमता को और मजबूत करना है।

चौहान ने कहा कि जूट केवल एक फसल नहीं, बल्कि भारत की कृषि विरासत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जूट से जुड़े किसानों और सभी हितधारकों के जीवन स्तर में सुधार हो तथा भारत मूल्यवर्धित जूट उत्पादों के निर्यात में अग्रणी बने। उन्होंने वर्ष 2031 तक उत्प-ादकता को लगभग 32 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और वर्ष 2047 तक 40-45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य बताया। उन्होंने जूट खेती में मशीनीकरण को आवश्यक बताते हुए आईसीएआर-सीआरआईजेएएफ द्वारा विकसित कृषि मशीनों की सराहना की और कहा कि इन तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए व्यावसायीकरण किया जाना चाहिए। चौहान ने किसानों को किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ने और कृषि अवसंरचना को मजबूत करने के लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का उपयोग बढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर आईसीएआर-सीआरआईजेएएफ के निदेशक डॉ. गौरांग कर और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में करीब 200 किसान, महिला किसान, उद्यमी, वैज्ञानिक और उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए।

## जीआरएसई को 'प्रोजेक्ट आकांक्षा' के लिए मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड



**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल 'प्रोजेक्ट आकांक्षा' के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित 108वें स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया। जीआरएसई के सहयोग से चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट आकांक्षा' का उद्देश्य कोलकाता के मुंशीगंज और वाटगंज-हैस्टिंग्स क्षेत्रों के कमजोर वर्गों के बच्चों और किशोरों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से क्षेत्र में स्कूलों में नामांकन और बच्चों की उपस्थिति बनाए रखने में सुधार हुआ है। साथ ही, बच्चों में जीवन कौशल विकसित करने, सुरक्षित शिक्षण वातावरण तैयार करने और बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर समुदाय की भागीदारी बढ़ाने में भी मदद मिली है। परियोजना ने माताओं और स्थानीय हितधारकों को भी बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से जोड़ने का काम किया है। जीआरएसई ने इस सम्मान के साथ शिक्षा, सशक्तिकरण और सतत सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

## उत्तरपाड़ा माखला में रामकथा का चौथा दिन, अहिल्या उद्धार और ताड़का वध प्रसंग का हुआ वर्णन

**हुगली :** उत्तरपाड़ा माखला स्थित नारायण मंदिर में शिव शक्ति समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक बलराम दास महाराज ने रामायण को कलियुग में मोक्ष का सर्वोत्तम मार्ग बताते हुए भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला।



कथा के दौरान उन्होंने भगवान राम की शिक्षा, महर्षि विश्वामित्र के आगमन, ताड़का वध, यज्ञ की रक्षा तथा अहिल्या उद्धार के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जहां रामकथा होती है, वहां स्वयं हनुमानजी की उपस्थिति रहती है और कथा के माध्यम से भक्त एवं भगवान का दिव्य मिलन होता है।

कार्यक्रम के बाद शिव शक्ति समिति के अध्यक्ष दारा सिंह ने कहा कि समिति समाज सेवा और सहयोग की भावना से निरंतर कार्य कर रही है। समिति के संयोजक एवं पार्षद कामाख्या नारायण सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया तथा वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं का चुनरी भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर समाजसेवी भरत शाह, विनोद दुबे, अनिल मस्कारा, मकसूदन शर्मा, गणेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह, अमित धीमन, राजकुमार सिंह, राजा सिंह, उमेश यादव, शशि सिंह, गणेश राजभर, उमेश सिंह, बाबूराव, सुरेंद्र सिंह, रामभजन कामठी, अजय सिंह, सुशील शर्मा, टोनी सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के यजमान वीरेन्द्र सिंह एवं शीला सिंह थे। आयोजन समिति की ओर से प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए पूरी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

## बंगाल सरकार ने 77 जातियों का ओबीसी दर्जा रद्द करने संबंधी फैसले के खिलाफ याचिका वापस ली

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से वापस ले ली, जिसमें 75 मुस्लिम समुदायों समेत कुल 77 जातियों का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा रद्द कर दिया गया था। ममता बनर्जी नीत पूर्ववर्ती सरकार के दौरान आये उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ यह याचिका दायर की गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार याचिका वापस लेना चाहती है। पीठ ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी इस मामले पर अपनी अपील वापस लेने की अनुमति दे दी। मेहता ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने अपील वापस लेने का फैसला किया है। पीठ ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि किसी भी अन्य प्रभावित पक्ष को अपनी अपील आगे बढ़ाने की छूट है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, जिसमें ओबीसी सूची में 75 मुस्लिम समुदायों समेत 77 जातियों का ओबीसी दर्जा रद्द कर दिया गया था। पिछले साल 6 नवंबर को उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया था कि पश्चिम बंगाल में कई जातियों का ओबीसी दर्जा रद्द करने के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय में आगे कोई कार्यवाही नहीं होगी।

## सागर ब्लॉक में मनाया गया वन महोत्सव सप्ताह, वृक्षारोपण और झांकी से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कोलकाता :** राज्यव्यापी वन महोत्सव सप्ताह-2026 के तहत सोमवार को सागर ब्लॉक में वृक्षार-ोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से सागर पंचायत समिति एवं ब्लॉक प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सागर ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कनैया कुमार राव, पंचायत समिति की अध्यक्ष सबीना बीबी, महाराज तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को पौधे वितरित किए गए। इसके साथ ही अधिकारियों और



जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत की।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लॉक परिसर से एक विशेष झांकी (टैब्लो) को भी रवाना किया गया। प्रशासन के अनुसार यह झांकी सागर ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को वृक्षारोपण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगी।

ब्लॉक प्रशासन की इस पहल का स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों ने स्वागत करते हुए इसे हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### गोरखपुर में साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क चलाने के आरोप में बीएससी का छात्र समेत दो लोग गिरफ्तार

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में पुलिस ने मंगलवार को फर्जी लोन ऐप के जरिए साइबर ठगी को अंजाम देने के आरोप में बीएससी के एक छात्र और आईटीआई उत्तीर्ण एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) छत्रपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र मंजीत कुमार (22) और 12वीं कक्षा एवं आईटीआई उत्तीर्ण विजय विश्वकर्मा (23) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि मंजीत ने सोशल मीडिया पर फर्जी पेज और लोन ऐप कथित तौर पर तैयार किए, जिनके माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने का झांसा दिया जाता था। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों से पंजीकरण, प्रोसेसिंग और बीमा शुल्क के नाम पर ऑनलाइन रकम जमा कराई जाती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने राशि प्राप्त करने के बाद न तो ऋण स्वीकृत किया और न ही पीड़ितों के पैसे लौटाए। पूछताछ में विजय इस गिरोह की एक अहम कड़ी के रूप में सामने आया।

### सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल कैद की सजा

**बिजनौर:** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की एक विशेष अदालत ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता भालेंद्र राठौड़ ने बताया कि 10 मार्च 2024 को कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी सात वर्षीय बेटी बकरियां चराने के लिए एक बाग में गई थी, तभी आरोपी दिलीप शाह उसे गन्ने के खेत में ले गया और उससे दुष्कर्म किया।

### राजस्थान: सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच होगी, अभियान आज से

**जयपुर:** राजस्थान में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए बुधवार से राज्यव्यापी पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से सभी गर्भवती महिलाओं की सघन स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई से शुरू होने वाले इस अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जांचों का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा और उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाएगी। हाल ही में कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा जिलों में प्रसूताओं की मौत के कई मामले सामने आए हैं। राठौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और नियमित जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर आशा कार्यकर्ताओं, संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना अत्यंत गंभीर है और इसे रोकने के लिए गर्भावस्था की शुरुआत से लेकर प्रसव तथा प्रसवोत्तर अवधि तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### लखनऊ के होटल में युवक का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभूति खंड स्थित नोवाटेल होटल के एक कमरे में मंगलवार को 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, होटल कर्मचारियों ने सूचना दी कि राहुल सिंह ने निर्धारित समय पर कमरा खाली नहीं किया और बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया, जहां राहुल बिस्तर पर मृत मिला। राहुल सिंह (22) मूल रूप से महराजगंज जिले के बीजापार आसमान छपरा गांव का निवासी था। वह सोमवार दोपहर होटल में आया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राहुल ने किसानों की मदद के उद्देश्य से बैटरी से संचालित एक पर्यावरण-अनुकूल ट्रैक्टर विकसित किया था।

## सपा के राज में हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर अदा की गयी थी नमाज: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना करते हुए नवंबर 2003 में समाजवादी पार्टी (सपा) शासन के दौरान हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर कथित रूप से नमाज अदा किये जाने के मुद्दे का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में 'रिपब्लिक भारत' समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''जो लोग हनुमानगढ़ी में नमाज अदा करने की सुविधा देते थे, वे अब अयोध्या और आस्था के मामलों पर टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे लोग आज हनुमानगढ़ी जैसे पवित्र स्थल को लेकर सवाल उठा रहे हैं।'' पिछले तीन दिनों में यह दूसरा अवसर है, जब मुख्यमंत्री ने 'हनुमानगढ़ी में नमाज' का मुद्दा उठाया है। इस मामले पर उस समय सेवा में रहे दो पूर्व आईपीएस अधिकारियों के बयानों में मतभेद है। वर्ष 2003 में पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) और बाद में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक बने बृजलाल ने स्वीकार किया कि नवंबर 2003 में रमजान के दौरान हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज अदा करने की योजना थी। भाजपा नेता बृजलाल ने 'पीटीआई-भाषा' से



कहा, ''हां, यह सही है। फैजाबाद क्षेत्र के तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक वी.एन. राय की मदद से वास्तव में हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज अदा करने की योजना बनाई गई थी।' वहीं, वी.एन. राय ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा, 'मैं सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि क्या मैं इसके पीछे था? अगर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के हस्तक्षेप के कारण नमाज नहीं हुई, तो क्या इसका मतलब यह है कि उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों की अवहेलना की? क्या यह वास्तव में संभव है?' इन दावों और प्रतिदावों के बीच आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'नकली आस्था रखने वालों ने यह पाप (हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज) किया, जबकि भाजपा ने अयोध्या को सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित किया।' उन्होंने कहा कि जिन लोगों के लिए राष्ट्र सर्वोपरि नहीं है, वे देश की अस्मिता और आस्था पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) निष्पक्ष जांच कर रहा है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, 'नैतिक आधार पर इस्तीफे भी हुए हैं, लेकिन इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में जो लोग आस्था के साथ खिलवाड़ करने और हिंदू धामों पर प्रहार करने की कोशिश कर रहे हैं, वे वही लोग हैं जो गरीबों के हक पर डकैती डालते थे और हनुमानगढ़ी जैसे पवित्र स्थल पर नमाज अदा करने का कुत्सित प्रयास करते थे।' मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब उच्चतम न्यायालय ने एक दिन पहले अयोध्या के राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल से स्थिति रिपोर्ट मांगी है।

### पुलिस अधिकारियों को कांवड़ यात्रा और आगामी पर्व सकुशल संपन्न कराने का निर्देश

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा और आगामी पर्व बिना किसी घटना व दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सकुशल संपन्न कराया जाए। कृष्ण ने पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों (जनपद प्रभारियों) के साथ हुई ऑनलाइन उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित किया। एक बयान के अनुसार, बैठक में आगामी त्योहारों एवं आयोजनों की तैयारियों, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई, यक्ष ऐप की प्रगति, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, थानों में खड़े वाहनों के निस्तारण, मिशन शक्ति केंद्रों की समीक्षा, गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

## न्यूज अपडेट

### उत्तर प्रदेश में मानसून पड़ा सुस्त, अधिकांश जिलों में उमस से लोग बेहाल

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को मौसम अधिकांशतः शुष्क रहा और केवल कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य के ज्यादातर जिलों में उमस बनी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश मौसम केंद्रों पर बारिश न के बराबर दर्ज की गई। गाजियाबाद में 0.5 मिलीमीटर और मथुरा-वृंदावन में भी 0.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं, गोरखपुर और वहां के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में क्रमशः 11.7 मिलीमीटर और 11 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके चलते पूर्वी उत्तर प्रदेश इस अवधि में अपेक्षाकृत अच्छी बारिश पाने वाला एकमात्र क्षेत्र रहा। राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक था। वहीं, न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। प्रयागराज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दूसरी ओर, सबसे कम न्यूनतम तापमान गोरखपुर में 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून की गतिविधियां फिलहाल कमजोर पड़ गई हैं, जिसके कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में वर्षा में कमी आई है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में छिटपुट बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

### बिहार: बहादुरपुर आवास बोर्ड कॉलोनी का होगा पुनर्विकास, आवासधारकों को मिलेंगे आधुनिक फ्लैट

**पटना:** बिहार सरकार ने राजधानी पटना स्थित बहादुरपुर आवास बोर्ड कॉलोनी के पुनर्विकास की तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नगर विकास एवं आवास विभाग इस परियोजना के लिए राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड (एनबीसीसी) के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। विभाग की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, बिहार राज्य आवास बोर्ड के सभागार में बोर्ड, एनबीसीसी और कॉलोनी के आवासधारकों के साथ एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने की। प्रधान सचिव ने कहा कि राज्य सरकार बहादुरपुर आवास बोर्ड कॉलोनी के पुनर्विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आवासधारकों की सहमति मिलने के बाद परियोजना पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनबीसीसी ने पुनर्विकास की विस्तृत योजना तैयार की है। अधिकारी ने बताया कि लगभग 32.5 एकड़ क्षेत्र में निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के आवासों का पुनर्निर्माण कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत 18 मंजिला आवासीय भवनों के अलावा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, जिम, विद्यालय, मैरेज हॉल, अस्पताल, बैंक, बहुउद्देशीय हॉल तथा धार्मिक स्थल का निर्माण किया जाएगा। प्रधान सचिव ने बताया कि निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और इस दौरान आवासधारकों को वैकल्पिक आवास के लिए सरकार की ओर से ट्रांजिट रेंट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के 350 से अधिक आवासधारकों पर तीन लाख रुपये से 40 लाख रुपये तक की बकाया राशि है, जिस पर 14 प्रतिशत ब्याज देय है। अधिकारी ने बताया कि एकमुश्त भुगतान करने वाले आवासधारकों को 70 प्रतिशत तक की छूट देने का प्रस्ताव है और यह सुविधा सभी आवासधारकों की सहमति मिलने पर लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि नए आवासों को फ्रीहोल्ड किया जाएगा। बयान के अनुसार, परियोजना स्थल भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित है और नए परिसर में बहुस्तरीय पार्किंग, हरित क्षेत्र, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था, चौबीसों घंटे जल एवं बिजली आपूर्ति तथा आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

### धर्म और दान के नाम पर भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे रही भाजपा: अखिलेश यादव



लखनऊ: समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने धर्म और दान के नाम पर भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि 'सच्चे देशप्रेमी' भाजपा और उसके सहयोगियों की कथित 'आपराधिक कार्यप्रणाली' का भंडाफोड़ करेंगे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चंदा-दान चोरी' की क्रोनोलॉजी नहीं, भाजपाई 'क्रिमिनोलॉजी' (आपराधिक कार्यप्रणाली) का कुचक्र समझिए।'' उन्होंने पोस्ट में आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग आस्थावानों से संपर्क कर उनकी धार्मिक भावनाओं का दोहन करते हैं और चंदे, दान, बहुमूल्य धातुओं, रत्नों तथा नकदी के रूप में धन एकत्र करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि रसीद मांगने पर विभिन्न बहाने बनाकर लोगों को टाल दिया जाता है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि लोगों को संगठित रूप से मंदिरों में ले जाकर 'चढ़ावा', 'चंदा' और 'दान' के नाम पर धन जुटाया जाता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विभिन्न धार्मिक अवसरों के नाम पर कथित फर्जी रसीदें छपवाकर वित्तीय अनियमितताएं की जाती हैं। यादव ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि ट्रस्टों के माध्यम से अपने लोगों को जिम्मेदार पदों पर बैठाकर वित्तीय अनियमितताओं को कथित तौर पर अंजाम दिया जाता है और दान की राशि में गड़बड़ी की जाती है।

## अखिलेश-मुलायम पर विवादित पोस्टरों से यूपी में सियासी घमासान, सपा ने भाजपा पर साधा निशाना

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और गोरखपुर समेत कई शहरों में समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर लगाए गए विवादित पोस्टरों से मंगलवार को सियासी बवाल मच गया। पोस्टरों में दोनों नेताओं को मुस्लिम टोपी पहने दिखाते हुए 'दिल में बाबर, मुंह में राम' जैसे नारे लिखे गए थे। पोस्टर लगाने वालों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सपा ने इस घटना के लिए भाजपा और उसके समर्थकों को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि धार्मिक भावनाएं भड़काकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह राम मंदिर दान निधि में कथित अनियमितताओं के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास




है। सीतापुर, बाराबंकी और गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने विवादित पोस्टर फाड़कर विरोध प्रदर्शन किया। सपा सांसद आनंद भदौरिया ने इसे कायरतापूर्ण कृत्य बताते हुए कहा कि जहां भी ऐसे पोस्टर मिलें, उन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। मथुरा के सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि असामाजिक तत्व सांप्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी ने कहा कि पार्टी इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराएगी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की मांग करेगी। वहीं वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल ने आरोप लगाया कि यह पूरी कवायद राम मंदिर दान विवाद से ध्यान हटाने के लिए की गई है। कांग्रेस नेता प्रदीप माथुर ने भी निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इस तरह के विवाद जानबूझकर खड़े किए जा रहे हैं। उधर, पुलिस ने संबंधित स्थानों से पोस्टर हटाकर जांच शुरू कर दी है। बाराबंकी के कोतवाली थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शिकायत मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

## बिहार: नितिन नवीन ने बांकीपुर उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को लोगों से बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। नवीन, उपचुनाव से पहले अपने पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच रहने के लिए दो दिवसीय पटना दौरे पर हैं। विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतगणना तीन अगस्त को होगी। भाजपा ने पिछले सप्ताह बांकीपुर विधानसभा सीट से नीरज कुमार सिन्हा को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। यह सीट नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। नवीन ने संवाददाताओं से कहा, 'मुझे छोटे भाई के रूप में आपने (बांकीपुर की जनता ने) जो स्नेह और आशीर्वाद दिया, वही मेरे छोटे भाई नीरज सिन्हा को भी दें। वह उसी विश्वास और समर्पण के साथ काम करेंगे तथा बांकीपुर के विकास को नई गति देंगे।' उन्होंने प्रसन्नता जताई कि भाजपा नेतृत्व ने उपचुनाव के लिए जमीनी स्तर के एक कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया है। नवीन ने कहा, 'नीरज सिन्हा जनसंघ काल के एक कार्यकर्ता के परिवार से आते हैं। वह ऐसे युवा नेता हैं, जिन्हें क्षेत्र के लोग एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में जानते हैं। भले ही वह व्यापक स्तर पर चर्चित जननेता नहीं हों, लेकिन जिन क्षेत्रों में उन्होंने काम किया है, वहां लोगों की सेवा में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।' भाजपा अध्यक्ष ने विधानसभा क्षेत्र के साथ अपने परिवार के लंबे जुड़ाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार का इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ लंबे समय का संबंध रहा है। मेरे दिवंगत पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा ने वर्षों के संघर्ष और समर्पण से इस क्षेत्र के विकास में योगदान दिया। मैंने भी पिछले 20 वर्षों में यहां के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनकर काम किया है।' नवीन ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में क्षेत्र में पार्क, सामुदायिक भवन और सड़कों का निर्माण कराया गया तथा पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

### शिकायतों के निष्पादन से जनता संतुष्ट होगी, तभी सहयोग कार्यक्रम का लक्ष्य पूरा होगा: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता तभी संतुष्ट होगी, जब उसकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। चौधरी ने यहां 'सहयोग कार्यक्रम' की शुरुआत के अवसर पर मुख्यमंत्री सचिवालय के आवेदन प्राप्ति केंद्र के शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने देशरत्न मार्ग से मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित आवेदन प्राप्ति केंद्र तक 'सहयोग पथ' का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों का सरकार पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी या कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में सहयोग नहीं करेंगे या कार्य में शिथिलता बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, चौधरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि 'सहयोग' शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया है और जिन आवेदकों को अब भी अपने मामलों के निर्णय पर आपत्ति है, उनके लिए राज्य स्तरीय 'सहयोग कार्यक्रम' शुरू किया गया है, ताकि उनकी शिकायतों की दोबारा समीक्षा कर न्यायसंगत निर्णय लिया जा सके।

### उप्र: अवैध रूप से निर्मित ईदगाह के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मधन गांव में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज भूमि पर अवैध रूप से निर्मित ईदगाह के खिलाफ अधिकारियों ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत तहसीलदार की अदालत द्वारा जारी आदेश के बाद राजस्व विभाग ने कथित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विवादित ढांचा मधन गांव में असमोली-लोधीपुर मार्ग पर स्थित 70 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड संख्या 208 पर बनाया गया था। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भूखंड संख्या 208, 210, 218 और 417 मूल रूप से कब्रिस्तान के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, 'भूखंड संख्या 210 का उपयोग कब्रिस्तान के रूप में किया जा रहा है जबकि भूखंड संख्या 208 की भूमि का कथित तौर पर उपयोग बदलकर वहां ईदगाह बना दी गई। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने और भूमि को उसके मूल उद्देश्य के लिए बहाल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।'' सिंह ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था, जिसके बाद अदालत के आदेश के अनुसार यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद: न्यास के कोषाध्यक्ष ने कहा, इस्तीफा नहीं देंगे



**पुणे:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने मंगलवार को स्वीकार किया कि अयोध्या के राम मंदिर में निगरानी व्यवस्था में कुछ चूक हुई, लेकिन उन्होंने कहा कि चढ़ावे की चोरी के मामले में इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि वह खुद को व्यक्तिगत रूप से दोषी नहीं मानते। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए सभी लोग भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों को उनकी पृष्ठभूमि और पात्रता की समुचित जांच करनी चाहिए थी तथा उन्हें अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए थी। चोरी की रकम के बारे में पूछे जाने पर गोविंद गिरि महाराज ने कहा कि उनके व्यक्तिगत अनुमान के अनुसार यह राशि करीब तीन करोड़ रुपये हो सकती है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे आधिकारिक या प्रामाणिक आंकड़ा नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह विशेष जांच टीम (एसआईटी) की जांच और उच्चतम न्यायालय की ओर से मामले की निगरानी से संतुष्ट हैं। गोविंद गिरि महाराज ने यह भी कहा कि उनके इस्तीफा संबंधी खबरें दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दूंगा। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज का अनुयायी हूं और मैं भागने वालों में से नहीं हूं। जब समय संघर्ष का हो, तब मैदान छोड़कर भागना हमारे धर्म में नहीं है।'

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला: अदालत ने दो आरोपियों की 14 घंटे की पुलिस रिमांड मंजूर की

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या की एक विशेष अदालत ने राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में मंगलवार को दो आरोपियों की 14 घंटे की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अदालत ने जांच अधिकारी के सात दिन की पुलिस हिरासत के अनुरोध को खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) की अदालत ने आरोपी रामशंकर मिश्र और सुभाष चंद्र श्रीवास्तव की पुलिस रिमांड मंजूर की। सूत्रों के अनुसार, मामले के जांच अधिकारी आशुतोष तिवारी ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के लिए सात दिन की पुलिस रिमांड का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 14 घंटे की हिरासत की अनुमति दी।

### राम मंदिर में चोरी सुनियोजित थी, सरकार ने ट्रस्ट में अपने चुने हुए लोग बैठाए : अविमुक्तेश्वरानंद



**बहराइच:** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट में 'अपने चुने हुए लोगों' को बैठाया ताकि कथित 'चोरी' कराई जा सके। उन्होंने यह भी दावा किया कि मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) उन्हें (आरोपियों को) 'क्लीन चिट' देगा। शंकराचार्य ने गौ संरक्षण को लेकर निकाली जा रही जनजागरण यात्रा के दौरान बहराइच जिले के पयागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मंदिरों का निर्माण और प्रबंधन धार्मिक नेताओं के हाथ में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित कृत्य है।' शंकराचार्य ने आरोप लगाया, 'मंदिर बनाना धार्मिक नेताओं का काम था लेकिन सरकार ने ट्रस्ट में अपने चुने हुए लोगों को बैठाया ताकि वह अपनी इच्छा के अनुसार काम करा सके। हमारा मानना है कि उन्हें वहां कथित चोरी की सुविधा देने के लिए रखा गया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय का इस्तीफा केवल 'दिखावे' के लिए था।

## भगवान के धन पर 'गिद्ध दृष्टि' रखना 'अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण' घटना: साध्वी ऋतम्भरा

**मथुरा:** राम मंदिर आंदोलन में शामिल रही साध्वी ऋतम्भरा ने राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि भगवान के धन पर 'गिद्ध दृष्टि' रखना 'अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण' घटना है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि भविष्य में ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने की हिम्मत न कर सके। ऋतम्भरा, सोमवार शाम वृन्दावन मार्ग पर स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में आयोजित कथा में शामिल होने के लिए पहुंचीं थीं। उन्होंने इस अवसर पर विजय मारू की



पुस्तक 'रिटायर्ड-60 नॉट आउट' का विमोचन भी किया। यह पुस्तक वरिष्ठ नागरिकों के जीवन, उनकी चुनौतियों और संभावनाओं पर आधारित है। ऋतम्भरा ने इस दौरान संवाददाताओं से कहा, राम मंदिर निर्माण में समाज के हर वर्ग ने श्रद्धापूर्वक योगदान दिया। लोगों ने इसके लिए 500 वर्षों तक संघर्ष किया। यहां तक कि अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए, लेकिन अफसोस है कि चढ़ावा चोरी करने वालों ने पूर्वजों के तप को भी ध्यान में नहीं रखा बल्कि उन्होंने तो लोगों द्वारा भगवान के लिए दिये गये धन पर गिद्ध दृष्टि रखी। उन्होंने दुखी स्वर में कहा, भगवान के धन पर गिद्ध दृष्टि रखना हम सबके लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं इससे बेहद दुखी हूं। उम्मीद करती हूं कि ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने की हिम्मत न कर सके।

### उप्र: मुख्य सचिव ने विभागों को ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने मंगलवार को सभी सरकारी विभागों और प्राधिकरणों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए अपने नियंत्रणाधीन उपयुक्त भूमि की पहचान करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना प्रदेश में स्वच्छ, हरित और सतत परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग कार्यालय परिसरों, उपलब्ध भूमि और अन्य सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण कर ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करें तथा उनका विवरण निर्धारित प्रारूप में यूपी रिन्यूएबल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को उपलब्ध कराएं। बयान के अनुसार, संभावित स्थलों में विभागीय कार्यालय परिसर, नगर निकायों के पार्किंग स्थल, औद्योगिक क्षेत्र, लॉजिस्टिक पार्क, विकास प्राधिकरणों की भूमि तथा राज्य राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर स्थित उपयुक्त स्थान शामिल हैं। गोयल ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा चिन्हित भूमि प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थल का नाम, पता, फोटोग्राफ, अक्षांश-देशांतर और क्षेत्रफल का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए।

### न्यायालय ने भोजशाला मामले में अलग खुली जगह पर नमाज की व्यवस्था के दिए निर्देश

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि भोजशाला मामले की 'संवेदनशील' प्रकृति को देखते हुए हिंदू और मुस्लिम, दोनों पक्षों को धैर्य रखना चाहिए। न्यायालय ने यह निर्देश भी दिया कि फैसला होने तक परिसर के निकट मुस्लिम समुदाय को हर शुक्रवार को अपराह्न एक बजे से तीन बजे के बीच नमाज अदा करने के लिए अलग से एक खुला स्थान उपलब्ध कराया जाए। न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले की रोजाना आधार पर सुनवाई करने और मुद्दे का समाधान निकालने के लिए तैयार है। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की उन अपीलों पर विचार किया, जिनमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी गई है। उस आदेश में कहा गया था कि विवादित भोजशाला परिसर देवी सरस्वती को समर्पित मंदिर है। उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें हिंदुओं को मंगलवार को पूजा-अर्चना करने और मुसलमानों को शुक्रवार को नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी।

### नगालैंड में आतंकी हमले में जवान की मौत पर शोक में डूबा पुंछ का सीमावर्ती गांव

**मेंढर/जम्मू:** नगालैंड में तैनात हवलदार मोहम्मद इकबाल ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के सीमावर्ती गांव कलार में सितंबर में लौटने का वादा किया था। लेकिन आतंकी हमले में उनकी मौत के साथ ही यह वादा अधूरा रह गया है। जो उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे थे, अब वे उनकी अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इकबाल की मौत सोमवार को नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) विस्फोट में हुई। इस विस्फोट में चार सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक समेत पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह विस्फोट अपराह्न करीब दो बजे शोखुवी इलाके के पास हुआ। बताया जा रहा है कि अभियानगत गतिविधियों के दौरान असम राइफल्स के एक वाहन को निशाना बनाकर यह हमला किया गया था।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बिजली गिरने से 50 से अधिक मवेशियों की मौत

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरनकोट के ऊपरी इलाकों में मंगलवार तड़के बिजली गिरने से 50 से अधिक मवेशियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के ऊपरी इलाकों में रंजती ढोक में शौकत हुसैन के मवेशियों के झुंड पर बिजली गिरी, जिससे 50 भेड़-बकरियों, एक भैंस और एक गाय की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में ढांडी धारा निवासी हुसैन सुरक्षित बच गए। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह एक अन्य घटना में हवेली तहसील के सीमा क्षेत्र में लगी बाड़ के पास बिजली के तार की चपेट में आने से डगवार-मालधराना निवासी लाल हुसैन के एक बैल की मौत हो गई।

### जम्मू कश्मीर के राजौरी में दो संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू

**जम्मू:** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर दो संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियों का पता चलने के बाद इलाके के कुछ गांवों में मंगलवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में एक अभियान के दौरान पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जबकि डोडा जिले में एक स्थानीय आतंकवादी के पैतृक घर की तलाशी ली गई, जो अब सीमा पार से अपनी गतिविधियां चला रहा है। उन्होंने बताया कि राजौरी के थानामंडी इलाके में रविवार देर रात सड़क पार करते हुए दो संदिग्ध आतंकवादियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सेना ने इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संदिग्धों का पता लगाने के लिए तलाशी दल भंगाई, हस्पलोट, करयोट, कोपरा टॉप और आस-पास के गांवों में अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस इलाके में भारी बारिश के बावजूद अभियान जारी है।

# रेल मंत्री ने आठ बड़े सुधारों की घोषणा की, माल ढुलाई और परियोजनाओं में आएगी तेजी



**नई दिल्ली:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और दक्ष बनाने के उद्देश्य से आठ नए सुधारों की घोषणा की। इनमें माल ढुलाई सेवाओं का आधुनिकीकरण, भूमि अधिग्रहण की वेब-आधारित निगरानी, निर्माण कार्यों में सुधार, कौशल विकास, कंटेनर परिवहन और माल डिब्बों की नई डिजाइन नीति जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, ये सुधार मंत्रालय की '52 सप्ताह में 52 सुधार' पहल का हिस्सा हैं। इसके साथ ही वर्ष 2026 में लागू सुधारों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इनका उद्देश्य रेलवे की परिचालन क्षमता बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना और कारोबार को अधिक सुगम बनाना है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने प्रक्रियागत और संरचनात्मक दोनों स्तरों पर सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए अब कंटेनर आधारित नई प्रणाली लागू की जाएगी। इससे धूल प्रदूषण कम होगा, लोडिंग-अनलोडिंग आसान होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत तेल कंपनियां विशेष टैंक वैगन सीधे खरीद सकेंगी या लीज पर लेकर रेलवे नेटवर्क पर संचालित कर सकेंगी। इससे परिवहन लागत घटेगी, सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी और उत्पाद की हानि तथा मिलावट जैसी समस्याओं पर अंकुश लगेगा।खाद्यान्न, आटा और दालों की ढुलाई के लिए भी नई मालभाड़ा नीति लागू की गई है। जटिल स्लैब प्रणाली की जगह अब प्रति टन प्रति किलोमीटर की सरल दर व्यवस्था लागू होगी। इससे कंटेनर के जरिए चरणबद्ध आपूर्ति और भंडारण अधिक सुविधाजनक होगा।रेल मंत्री ने कंटेनर ट्रेनों के संचालन को भी आसान बनाने की घोषणा की। अब ऑपरेटर पूरे रेलवे नेटवर्क पर बिना श्रेणी आधारित प्रतिबंधों के कंटेनर ट्रेनें चला सकेंगे। पंजीकरण प्रक्रिया को भी सरल बनाते हुए सभी मार्गों के लिए 25 करोड़ रुपये का एक समान गैर-वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है।'ीपरियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों के कौशल विकास के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रमाणन प्रणाली लागू की जाएगी। व्यावहारिक और मौखिक परीक्षा के बाद सफल श्रमिकों को डिजिटल प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन संभव होगा। इसके अलावा माल डिब्बों की नई डिजाइन नीति लागू कर उद्योग की भागीदारी बढ़ाने तथा निर्माण परियोजनाओं में सक्षम ठेकेदारों को प्रोत्साहन देने का भी निर्णय लिया गया है। मंत्रालय का मानना है कि इन सुधारों से रेलवे परियोजनाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी, विवाद कम होंगे, भूमि अधिग्रहण और परियोजना निगरानी अधिक पारदर्शी बनेगी तथा माल ढुलाई से रेलवे के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## अंकित शर्मा हत्याकांड : हिंदुओं को निशाना बनाने के लिए जुटी थी भीड़, ताहिर हुसैन उसका हिस्सा था : अदालत



**नई दिल्ली:** वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या मामले में विस्तृत फैसला जारी करते हुए अदालत ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस गैरकानूनी भीड़ का हिस्सा था, जो हिंदुओं के प्रति नफरत की भावना के साथ दंगा, लूटपाट और आगजनी करने के उद्देश्य से एकत्र हुई थी। अदालत ने कहा कि भीड़ ने अंकित शर्मा पर लगातार और बेहद बेरहमी से हमला कर उनकी हत्या कर दी।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह के 320 पृष्ठों के फैसले में कहा गया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि अंकित शर्मा को भीड़ ने घेर लिया, उन्हें घसीटते हुए चांद बाग पुलिया तक ले जाया गया और वहां उन पर लगातार जानलेवा हमला किया गया। बाद में उनका शव पास के नाले से बरामद हुआ। अदालत ने ताहिर हुसैन सहित नाजिम, कासिम, जावेद और अनस को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 365 (अपहरण), 147, 148 (दंगा), 153ए (वैमनस्य फैलाना), 188 (सरकारी आदेश की अवहेलना) तथा धारा 149 के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने कहा कि गैरकानूनी भीड़ का सदस्य होने के कारण ताहिर हुसैन इन अपराधों के लिए परोक्ष रूप से भी जिम्मेदार है।हालांकि अदालत ने ताहिर हुसैन और अन्य आरोपियों को आपराधिक साजिश (धारा 120बी) के आरोप से बरी कर दिया। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि साजिश कब, कहां और कैसे रची गई थी। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि इलाके में खराब पड़े या दूसरी दिशा में घुमाए गए सीसीटीवी कैमरे किसी संभावित साजिश की ओर संकेत करते हैं, लेकिन इसके पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके।मामले में कुल 11 आरोपियों में से छह-हसीन उर्फ मुल्लाजी उर्फ सलमान, फिरोज, गुलफाम, सोएब, समीर खान और मुंतजिम उर्फ मूसा-को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।अदालत ने कहा कि गैरकानूनी भीड़ को यह पता था कि उसके साझा उद्देश्य को पूरा करने के दौरान किसी व्यक्ति की जान जा सकती है। दोषियों की सजा पर 23 जुलाई को सुनवाई होगी।

## वियतनाम नौका हादसा : 15 भारतीयों के शव दिल्ली पहुंचे, गृह राज्यों के लिए रवाना




**नई दिल्ली:** वियतनाम के फू क्वोक द्वीप के निकट स्पीडबोट हादसे में जान गंवाने वाले 15 भारतीय पर्यटकों के पार्थिव शरीर मंगलवार को भारत लाए गए और उन्हें उनके गृह राज्यों के लिए रवाना कर दिया गया। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की।मृतकों में तमिलनाडु के 10, आंध्र प्रदेश के तीन और केरल के दो निवासी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, पार्थिव शरीरों को वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर से विमान के जरिए भारत लाया गया, जिसके बाद संबंधित राज्य सरकारों ने परिजनों के समन्वय से उन्हें उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने की व्यवस्था की।भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। दूतावास ने इस कठिन समय में सहयोग के लिए वियतनाम के अधिकारियों तथा तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल सरकारों का भी आभार जताया।गौरतलब है कि शनिवार को फू क्वोक द्वीप के निकट होन माय रुट नगोई क्षेत्र में 32 भारतीय पर्यटकों और चालक दल के चार स्थानीय सदस्यों को लेकर जा रही एक स्पीडबोट पलट गई थी। हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि अन्य सभी को सुरक्षित बचा लिया गया।

## अहमदाबाद सिलसिलेवार बम विस्फोट भारत की संप्रभुता पर हमला था: गुजरात उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद:** गुजरात उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि 2008 का अहमदाबाद शृंखलाबद्ध बम विस्फोट 'भारत की संप्रभुता पर हमला' था और इसका मुख्य मकसद लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को सत्ता से बेदखल करना था। न्यायमूर्ति ए.वाई. कोगजे और न्यायमूर्ति समीर दवे की खंडपीठ ने 7 जुलाई को इस मामले में इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के 38 सदस्यों की फांसी की सजा और 11 अन्य की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। 2,223 पृष्ठों का पूरा फैसला सोमवार को उपलब्ध हुआ। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला 'दुर्लभ से दुर्लभतम' श्रेणी का था, और अगर इसमें उपयुक्त सजा नहीं दी गई या सजा देने से बचने के लिए छोटे-मोटे बहाने ढूंढे गए, तो यह न्याय नहीं होने जैसा होगा। अदालत ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं है कि इस तरह का सुनियोजित हमला भारत की संप्रभुता पर हमला है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को सत्ता से हटाना था, जैसा कि गवाहों के बयानों से भी पता चलता है।' उच्च न्यायालय ने उल्लेख किया कि विस्फोटों में 56 लोगों की मौत हुई और 240 अन्य घायल हुए। अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के दौरान पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब का उदाहरण देते हुए कहा कि मौजूदा मामला भी उसी श्रेणी में आता है। कसाब की फांसी की सजा को उच्चतम न्यायालय ने इस आधार पर बरकरार रखा था कि यह 'बहुत दुर्लभ से दुर्लभतम'' मामला था। उच्च न्यायालय ने कहा कि मरने वालों की संख्या, 'साजिश का व्यापक दायरा', 'समाज में बड़े पैमाने पर दहशत का माहौल बनाने'' का इरादा, मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषियों का व्यवहार, साजिश का पैमाना और इस 'अमानवीय और कायराना हरकत' में बेगुनाह लोगों की जान जाना इन सभी बातों ने फांसी की सजा को न्यायोचित ठहराया।

## दुनिया की सबसे ऊंचाई पर आयोजित अल्ट्रा मैराथन में भारतीय सेना के मेजर दीपक कुमार रहे प्रथम




**लेह/जम्मू:** भारतीय सेना के एक अधिकारी ने पूर्वी लद्दाख में आयोजित दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई वाली अल्ट्रा मैराथन में 70 किलोमीटर की कठिन 'उमलिंग ला चैलेंज' दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में मेजर दीपक कुमार पहले स्थान पर रहे, जबकि कैप्टन शिवगुरु वेल्लासामी एस ने भी सफलतापूर्वक मैराथन पूरी की। सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कोर' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''13 जुलाई, 2026 को 153 जनरल अस्पताल के मेजर दीपक कुमार और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर (एलएसआरसी) के कैप्टन शिवगुरु वेल्लासामी एस ने 'सारमंग सोसाइटी' और 'सारमंग एडवेंचर टूर्स' द्वारा 'समिट ऑर सरेंडर' रेस शृंखला के तहत आयोजित दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई वाली 70 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन 'उमलिंग ला चैलेंज' सफलतापूर्वक पूरी की।'' कोर ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय सेना के जवानों की शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मैराथन पूर्वी लद्दाख के उमलिंग ला में आयोजित की गई, जहां सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा समुद्र तल से लगभग 19,300 फुट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची वाहन चालन योग्य सड़क का निर्माण किया गया है।

### जबरन तेजाब पिलाने से आंतरिक जख्मों के पीड़ितों को राहत के लिए कानून में किये बदलाव : केंद्र

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' में संशोधन किए हैं, ताकि इस कानून का लाभ तेजाब हमले के उन पीड़ितों को भी मिल सके जिन्हें जबरन तेजाब पिलाए जाने के कारण अंदरूनी चोटें आई हैं। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष केंद्र का पक्ष रखने के लिए पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि कानून में बदलाव के बारे में 22 मई को एक अधिसूचना जारी की गई थी और अब, तेजाब से आने वाली अंदरूनी चोटें भी 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम' के दायरे में आती हैं। शीर्ष अदालत तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अन्य राहतों के अलावा, याचिका में केंद्र सरकार को कानून में संशोधन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था ताकि उन मामलों को भी इसमें शामिल किया जा सके जिनमें लोगों को जबरन तेजाब पिलाया गया हो या उन्हें अंदरूनी चोटें आई हों, भले ही बाहरी तौर पर कोई विकृति न हुई हो।

## योगी आदित्यनाथ ने की अमित शाह से भेंट, उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की



**नयी दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य से जुड़े राजनीतिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश में अगले साल के आरंभ में विधानसभा चुनाव होने हैं तथा भाजपा तीसरी बार सत्ता बनाये रखने की तैयारी में जुटी हुई है। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने प्रशासनिक, सुरक्षा और राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आपका हृदय से आभार।'

## शेख हसीना के मुद्दे पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं: विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली:** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के ढाका लौटने की योजना के बीच, भारत ने मंगलवार को सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। हसीना (78) अगस्त 2024 में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी आंदोलन के बाद अपनी सरकार के पतन के बीच ढाका छोड़कर भारत आ गई थीं और तब से भारत में रह रही हैं। पिछले सप्ताह हसीना के करीबी सूत्रों ने बताया था कि पूर्व प्रधानमंत्री अपनी अवामी लीग पार्टी को फिर से सक्रिय करने के उद्देश्य से स्वेच्छा से ढाका लौटने की तैयारी कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'इस मामले पर हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रत्यर्पण से जुड़ा कोई भी मामला कानूनी विषय है और उससे उसी के अनुरूप निपटा जाएगा।' वह इस मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। पिछले वर्ष नवंबर में ढाका की एक विशेष अदालत ने 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले प्रदर्शनों पर सरकार की कथित बर्बर कार्रवाई को लेकर 'मानवता के विरुद्ध अपराध' के मामले में शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद से ही बांग्लादेश, शेख हसीना को कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए भारत से उनके प्रत्यर्पण की लगातार मांग करता रहा है। वहीं, अवामी लीग की प्रचार उपसमिति के सदस्य काजी नसीम रुपक ने शुक्रवार को पीटीआई-वीडियो से कहा, 'हम सभी अपनी नेता का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'

### ओडिशा में 32,067 करोड़ रुपये की ग्रामीण सड़क एवं पुल परियोजनाओं को मंजूरी

**भुवनेश्वर:** ओडिशा सरकार ने 32,067 करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रामीण सड़क और पुल परियोजनाओं को मंगलवार को मंजूरी दे दी। साथ ही, ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आधारभूत ढांचे से जुड़ी सात योजनाओं की अवधि अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, ये निर्णय राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए, जिसमें सात विभागों के 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें ग्रामीण विकास विभाग के सात प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक के बाद मुख्य सचिव अनु गर्ग ने संवाददाताओं को बताया कि मंत्रिमंडल ने ग्रामीण विकास विभाग की सात मौजूदा योजनाओं की अवधि वर्ष 2030-31 तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 11,800 करोड़ रुपये की लागत से 'सेतु बंधन योजना' (एसबीवाई) के विस्तार को मंजूरी दी है। इसके तहत ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 1,750 नए पुल बनाए जाएंगे और 1,417 निर्माणाधीन पुल परियोजनाएं पूरी की जाएंगी। वर्ष 2011-12 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण विकास विभाग के अधीन सड़कों पर अधूरे संपर्क मार्गों को जोड़ना है। सरकार ने 'मुख्यमंत्री सड़क योजना (एमएमएसवाई)-ट्रांसफर्ड रोड्स इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम (टीआरआईपी)' की अवधि भी वर्ष 2029-30 तक बढ़ा दी है। इसके लिए 6,700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनसे 25,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा और निर्माणाधीन परियोजनाएं पूरी की जाएंगी।

## उच्चतम न्यायालय ने समय रैना, रणवीर इलाहाबादिया पर गलत आचरण को लेकर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं कॉमेडियन समय रैना, यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के आचरण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मंगलवार को समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कहा कि इन लोगों ने न्यायालय को गुमराह किया और दिए गए आश्वासनों का पालन नहीं किया।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब सुनवाई के दौरान बताया गया कि समय रैना ने अदालत के निर्देश के बावजूद अपने शो में किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया। अदालत ने पहले निर्देश दिया था कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने मंच का उपयोग 'स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी' (एसएमए) जैसी दुर्लभ बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने और मरीजों के इलाज के लिए धन जुटाने में करें।पीठ ने कहा कि समय रैना ने अदालत के समक्ष दिए गए हलफनामे और आश्वासनों का खुलेआम उल्लंघन किया है। अदालत ने यह भी कहा कि अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का दावा भ्रामक था। प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यदि इसे अहंकार नहीं कहा जाए तो शब्दकोश बदलना पड़ेगा। मामले की सुनवाई 'क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन' की याचिका पर हो रही है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि समय रैना ने एसएमए से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाया और बीमारी के इलाज की लागत पर असंवेदनशील टिप्पणियां कीं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी रैना के रवैये पर सवाल उठाए। इससे पहले न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगजनों और दुर्लभ आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित लोगों का अपमान या उपहास करने को दंडनीय अपराध बनाने के लिए कानून पर विचार करने को कहा था। अदालत ने सभी संबंधित इन्फ्लुएंसरों को भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने की भी हिदायत दी।

## हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर यात्री से 6.4 किलो चांदी की सिल्लियां बरामद



**हावड़ा :** हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर यात्री से 6.4 किलो चांदी की सिल्लियां बरामदकोलकाता। हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों की सतर्कता से एक यात्री के पास से 6.4 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गईं। जब्त चांदी की अनुमानित कीमत 13.88 लाख रुपये बताई गई है।आरपीएफ के अनुसार, 13 जुलाई को दोपहर करीब 1:03 बजे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान सामान की स्कैनिंग के समय एक यात्री के हैंडबैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। इसके बाद आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत यात्री को रोककर पूछताछ की और गोलाबाड़ी थाने की पुलिस को सूचना दी।पुलिस की मौजूदगी में की गई जांच के दौरान यात्री के बैग से 6.4 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद हुईं। आवश्यक दस्तावेजों की जांच और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यात्री तथा जब्त चांदी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोलाबाड़ी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद चांदी कहां से लाई गई थी तथा उसे कहां ले जाया जा रहा था।

## भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना देश की तकनीकी प्रगति में एक बड़ी उपलब्धि होगी: सैनी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 17 जुलाई को भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही राज्य देश की तकनीकी प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि का गवाह बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह परियोजना न केवल भारतीय रेलवे को स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन प्रणाली की ओर आगे बढ़ाएगी, बल्कि 'विकसित भारत', 'ग्रीन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने के राष्ट्रीय संकल्प को भी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे की यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि ब्रॉड-गेज नेटवर्क पर चलने के लिए बनाई गई यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन संचालित ट्रेनों में से एक होगी। इस ट्रेन में कुल 10 डिब्बे होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 2,400 किलोवाट की कुल बिजली क्षमता से लैस यह ट्रेन भारतीय रेलवे की तकनीकी क्षमताओं और उन्नत इंजीनियरिंग विशेषज्ञता का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है। सैनी ने कहा कि इस ट्रेन को पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके तैयार किया गया है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# कारगिल विजय हमारे अटूट संकल्प, सैन्य शक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह




**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों ने दुश्मन के कब्जे से हर चोटी, पहाड़ी और बंकर को दोबारा अपने नियंत्रण में लिया। उन्होंने कहा कि यह विजय भारत के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है कि देश हमारी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी ताकत से जवाब देगा। उन्होंने यह बात दिल्ली के राष्ट्रीय समर स्मारक से लद्दाख के द्रास में कारगिल समर स्मारक तक मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाते हुए कही। यह अभियान 1999 के ऑपरेशन विजय के 27 साल पूरे होने के मौके पर देश भर में हो रहे समारोहों का हिस्सा है। तेरह दिवसीय शौर्य विजय यात्रा में 28 प्रतिभागी शामिल हैं। इनमें रक्षा बलों के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। ये सभी उत्तरी हिमालय के दुर्गम भूभाग से गुजरते हुए 1,900 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यह यात्रा 1999 के कारगिल युद्ध में विजय सुनिश्चित करने वाले भारतीय वीरों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। यात्रा का आदर्श वाक्य है 'एक सवारी, एक राष्ट्र, एक सलाम'। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभियान के दौरान, प्रतिभागी राष्ट्रीय समर स्मारक की पवित्र मिट्टी से भरा कलश लेकर चलेंगे, जिसे शहीदों की स्मृति में कारगिल में अर्पित किया जाएगा। सिंह ने कहा, 'जब यहां (राष्ट्रीय समर स्मारक) की मिट्टी कारगिल की मिट्टी से मिलेगी, तो यह राष्ट्र की वर्तमान पीढ़ी की श्रद्धा और राष्ट्र के नायकों की वीरता के संगम का प्रतीक होगी।' उन्होंने सैन्यकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कहा कि इन सैनिकों ने ''अदम्य साहस, धैर्य, अनुशासन और अद्वितीय देशभक्ति का एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है, जिसका विश्वभर की सेनाएं आज भी अध्ययन करती हैं और सम्मान करती हैं।' रक्षा मंत्री ने कहा, 'लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई और शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस तक नीचे के तापमान में, हमारे सैनिकों ने साहस और दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने दुश्मन के कब्जे से हर चोटी, पहाड़ी और बंकर को वापस ले लिया और तिरंगे का गौरव बनाए रखा।' सिंह ने कहा, '(कारगिल युद्ध में) यह विजय हमारी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी शक्ति से जवाब देने के भारत के अटूट संकल्प का प्रतीक है।'

# गिल-अक्षर के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे जीता

**बर्मिंघम :** कप्तान शुभमन गिल (80) की शानदार बल्लेबाजी और हरफनमौला अक्षर पटेल के गेंद व बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। यह ब्रिटेन दौरे पर भारत की पहली जीत भी रही।259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में चार विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। एक समय टीम का स्कोर 160 रन पर चार विकेट था, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल (नाबाद 57) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी कर भारत को आसान जीत दिलाई।रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (5) के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान




गिल ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 75 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए तथा श्रेयस अय्यर (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 101 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। शतक की ओर बढ़ रहे गिल पिंडली और मांसपेशियों में ऐंठन के कारण रिटायर हर्ट हो गए। उनके बाहर जाने के बाद श्रेयस रन आउट हुए और केएल राहुल भी जल्दी आउट हो गए, लेकिन अक्षर और वाशिंगटन ने धैर्य के साथ पारी संभालते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया।इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही और 13वें ओवर तक उसका स्कोर बिना विकेट खोए 61 रन था। हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए 22वें ओवर तक इंग्लैंड के छह विकेट 107 रन पर गिरा दिए। संकट की इस घड़ी में अनुभवी जो रूट (76) और लियाम डॉसन (68) ने सातवें विकेट के लिए 121 रन जोड़कर टीम को 258 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।भारत की ओर से अक्षर पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए नौ ओवर में 31 रन देकर एक विकेट हासिल किया। शुरुआती स्पैल में बुमराह ने केवल आठ रन दिए और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम पर लगातार दबाव बनाए रखा। भारत की संतुलित गेंदबाजी और संयमित बल्लेबाजी ने उसे श्रृंखला में शानदार शुरुआत दिलाई।

### सायली का बड़ा उलटफेर, मनिका को हराकर यूपी प्रोमेथियंस को दिलाई जीत

**पणजी :** उभरती हुई खिलाड़ी सायली वानी ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में बेहद रोमांचक मुकाबलों में से एक में भारतीय स्टार मनिका बत्रा को गोल्डन प्वाइंट पर हराकर यूपी प्रोमेथियंस को सातवें सत्र की पहली जीत दिलाई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में यूपी प्रोमेथियंस ने अहमदाबाद एपीएल पाइपर्स को 8-7 से शिकस्त दी। मुकाबले का फैसला दिन के अंतिम मैच में हुआ, जहां सायली ने पहले गेम को 5-11 से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 3-7 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी कर 11-8 से जीत दर्ज की। निर्णायक गेम में भी सायली 7-10 से पीछे थीं और यूपी हार की कगार पर था। सायली ने अद्भुत धैर्य और संयम का परिचय देते हुए लगातार तीन टाई प्वाइंट बचाए और मुकाबले को गोल्डन प्वाइंट तक पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने गोल्डन प्वाइंट जीतकर भारत की शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार मनिका बत्रा के खिलाफ उलटफेर भरी जीत दर्ज की।

## हॉकी इंडिया ने मस्कट में युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित की

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाली पहली युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की। यह चैंपियनशिप इसलिए भी खास है क्योंकि यह पहली एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए आधिकारिक एशियाई क्वालीफायर है। इस टूर्नामेंट में एशिया के उभरते हुए बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दोनों वर्ग में सात-सात टीम मुकाबला करेंगी। पुरुषों के वर्ग में मेजबान ओमान, भारत, पाकिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब और बांग्लादेश की टीम चुनौती पेश करेंगी। महिलाओं के वर्ग में भारत, पाकिस्तान, ओमान, चीन, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और ईरान की टीम खेलेंगी। भारतीय टीम का चयन भोपाल (महिलाओं के लिए) और चंडीगढ़ (पुरुषों के लिए) में चल रहे दो राष्ट्रीय शिविर में 15-15 खिलाड़ियों के समूह से किया गया। दस खिलाड़ियों वाली महिला टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी खिली कुमारी और महक परिहार को मिली है। रक्षा पंक्ति में नीलम टोपनो और किरण एक्का जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि दीया, पुष्पा मांझी और श्रुति कुमारी मिडफील्ड का हिस्सा होंगी। अग्रिम पंक्ति में नौशीन नाज, संदीप कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर शामिल हैं। पुरुष टीम में सावन कुमार और आयुष रजक गोलकीपर हैं जबकि करण गौतम और आशीष तानी पूर्ति दो डिफेंडर हैं। मिडफील्ड में राहुल यादव और रोमित पाल हैं जबकि अग्रिम पंक्ति में कप्तान केतन कुशवाहा, प्रहलाद राजभर, अर्शदीप सिंह और शाहरुख अली शामिल हैं। सब जूनियर महिला टीम की कोच रानी ने कहा, ''हमने कौशल, गति और जज्बे के अच्छे मिश्रण वाली एक संतुलित टीम चुनी है। खिलाड़ियों ने तैयारी शिविर के दौरान बहुत मेहनत की है और अपने खेल के हर पहलू को बेहतर बनाने के लिए बहुत प्रतिबद्धता दिखाई है।''

### लॉर्ड्स की सफलता से महिला टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद: शांता रंगास्वामी

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय कप्तान शांता रंगास्वामी ने कहा कि लंदन के लॉर्ड्स में खेले गए महिला टेस्ट मैच में भारत की इंग्लैंड पर 270 रन की शानदार जीत ने महिलाओं के लिए भी लंबी अवधि के प्रारूप में अधिक मैच आयोजित करने की मांग को मजबूती मिली है। उन्होंने इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से आयु वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में लाल गेंद की क्रिकेट को फिर से शुरू करने का आग्रह किया। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ इस एकमात्र टेस्ट मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यास्तिका भाटिया लॉर्ड्स में शतक जड़ने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी, जबकि क्रांति गौड़ ने भी पांच विकेट लेकर लॉर्ड्स के सम्मान बोर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इसके बाद ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने दूसरी पारी में चार विकेट लेकर जीत पक्की कर दी। रंगास्वामी ने पीटीआई से कहा, ''मुझे लगता है कि भारतीय महिला क्रिकेट के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। लॉर्ड्स में पहली बार खेलना। वह भी टेस्ट मैच खेलना और उसमें भी जीत हासिल करना।''

## मेस्सी का जादू चलेगा या केन का करिश्मा, अटलांटा स्टेडियम में फिर जीवंत होगी पुरानी प्रतिद्वंद्विता



**अटलांटा :** अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की बहुचर्चित प्रतिद्वंद्विता बुधवार को यहां जब विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में फिर से जीवंत होगी तो सबकी नजर इस पर टिकी रहेगी कि इसमें लियोनेल मेस्सी के पांवों का जादू चलेगा या हैरी केन का करिश्मा। मेस्सी ने अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में आठ गोल करके अर्जेंटीना की जीत में अहम भूमिका निभाई है तो केन भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं है जिन्होंने छह गोल दागे हैं। यह दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आमने-सामने होंगे क्योंकि दोनों टीम के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ है। केन को जूड बेलिंगहम (छह गोल) का भी अच्छा साथ मिला है। इंग्लैंड की टीम के लिए जहां मेस्सी को रोकना एक चुनौती होगी वहीं केन और बेलिंगहम के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। बेलिंगहम बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और अर्जेंटीना को उनसे सतर्क रहना होगा। इन दोनों देशों के बीच वर्षों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए मैच के दौरान तनाव भी होने की संभावना है। फिर चाहे वह 1966 में खेले गए विश्व कप में अर्जेंटीना के तत्कालीन कप्तान एंटोनियो रैटिन को बाहर भेजने का मामला हो या फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुआ संघर्ष, इन दोनों देशों के बीच फुटबॉल के मैदान के अंदर और बाहर तनाव देखने को मिला है। जब इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच मैच की बात हो तो फिर विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के 'हैंड ऑफ गॉड' गोल को कैसे भुलाया जा सकता है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के शुभंकर 'मयूर' का अनावरण किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में इस महीने के अंत में होने वाली राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के आधिकारिक शुभंकर 'मयूर' का मंगलवार को अनावरण किया। चैंपियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक त्यागराज स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रमंडल के 25 देशों के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। शुभंकर अनावरण समारोह में दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद, राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस महासंघ के अध्यक्ष विवेक कोहली और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी, कोच और अन्य अतिथि भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप के आधिकारिक ट्रेलर को भी जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित यह शुभंकर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऊर्जा और विविधता का सजीव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस शुभंकर की विशेष बात यह है कि इस मयूर के पंखों में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी देशों के राष्ट्रीय ध्वजों को खूबसूरती से पिरोया गया है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' और खेल भावना के वैश्विक संदेश को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक दिल्लीवासी के लिए गर्व का अवसर है और पूरी दुनिया



दिल्ली की खेल भावना, उत्कृष्ट आयोजन क्षमता और आत्मीय मेजबानी की साक्षी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय राजधानी की आधुनिक खेल अवसंरचना, बेजोड़ संगठन क्षमता और वैश्विक खेलों के प्रति उनकी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार का संकल्प हमारे युवाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है ताकि दिल्ली को देश की अग्रणी 'खेल राजधानी' के रूप में स्थापित किया जा सके। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पांच उत्कृष्टता केंद्र विकसित कर रही है जिनमें तैराकी, एथलेटिक्स, कुश्ती और टेबल टेनिस को शामिल किया गया है।

## सिंधू जापान ओपन के दूसरे दौर में, सात्विक-चिराग की जोड़ी टूर्नामेंट से हटी

**तोक्यो :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया। भारतीय टीम के मुख्य युगल कोच टैन किम हर ने कहा कि भारतीय जोड़ी अगले सप्ताह होने वाले चीन ओपन में हिस्सा नहीं लेगी और अगस्त में भारत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए चोट से उबरने की प्रक्रिया पर ध्यान देगी। उन्होंने कहा, ''सात्विक को ठीक होने में अभी कुछ समय लगेगा। विश्व चैंपियनशिप से पहले हमें कम से कम चार सप्ताह का समय मिलेगा जिससे हम पुरानी लय हासिल कर सकते हैं।'' इससे पहले विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज सिंधू ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को 21-14 21-11 से हराया। भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



# सोशल मीडिया पर जताई जा रही चिंताओं के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन गुणवत्ता की जांच तेज की

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने देश भर में अपने खुदरा पंप पर ईंधन गुणवत्ता की जांच तेज कर दी है। इन कंपनियों ने ये कदम सोशल मीडिया पर ईंधन की गुणवत्ता को लेकर प्रसारित हो रहीं चिंताओं के बीच ग्राहकों को भरोसा दिलाने के लिए उठाएं हैं। आईओसी ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह अपने खुदरा पंप पर करीब 10,000 औचक निरीक्षण किए और 8,500 से अधिक ईंधन गुणवत्ता परीक्षण किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा, ''इंडियन ऑयल के लिए ईंधन की गुणवत्ता बहुत जरूरी है। हमारी टीम




हर रोज पूरे देश में यह सुनिश्चित करने के लिए काम करती है कि ग्राहकों को ऐसा ईंधन मिले जो तय गुणवत्ता मानकों को पूरा करता हो।'' देश की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी ने कहा है कि वह ईंधन में मिलावट, अशुद्धि और तय गुणवत्ता मानक के उल्लंघन के लिए किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किए जाने की नीति अपनाती है तथा जो डीलर अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाती है। बीपीसीएल ने कहा कि उसने तीन जुलाई से 13 जुलाई के बीच अपने खुदरा पंप पर 932 निरीक्षण किए। कंपनी के गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ ने 111 और निरीक्षण किए, जबकि निरीक्षण आश्वासन विभाग ने अपने मोबाइल लेबोरेटरी नेटवर्क के जरिये 50 औचक नमूने लिए एवं मौके पर जांच की प्रक्रिया की। एचपीसीएल ने कहा कि उसने तीन जुलाई से 13 जुलाई के बीच 1,385 नियमित निरीक्षण करने के अलावा, एथनॉल मिश्रण के नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह जांचने के लिए सात जुलाई से 13 जुलाई के बीच 2,173 औचक निरीक्षण किए। इसके अलावा, कंपनी के गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने भी 93 औचक निरीक्षण किए तथा मोबाइल लैब का इस्तेमाल करके ईंधन के 49 नमूनों की जांच की। कंपनी ने कहा कि निगरानी के दौरान खुदरा पंप में मिलावट, गंभीर अनियमितताओं या गुणवत्ता मानकों के पालन में किसी भी तरह की चूक का कोई मामला नहीं पाया गया। इन पेट्रोलियम कंपनियों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे ईंधन गुणवत्ता से जुड़ी किसी भी शिकायत को सीधे पेट्रोल पंप या कंपनी के ग्राहक सेवा माध्यमों से दर्ज कराएं और अपुष्ट सोशल मीडिया पोस्ट पर भरोसा न करें।

### सोने में 700 रुपये की गिरावट, चांदी 8,900 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि कमजोर मांग के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी 8,900 रुपये प्रति किलो टूट गई। घरेलू सर्राफा बाजार में मांग कमजोर रहने से कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये कमजोर होकर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के मुकाबले चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज की गई। इसकी कीमत 8,900 रुपये लुढ़ककर 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। इससे पहले सोमवार को चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत रहने के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक उपभोक्ताओं की सुस्त मांग के चलते बाजार पर दबाव बना रहा।

### रुपया 48 पैसे टूटकर 96.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने के बीच रुपया मंगलवार को 48 पैसे लुढ़ककर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96.16 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि नए सिरे से बढ़े भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी जिससे रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.95 प्रति डॉलर पर खुला और 96.16 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 30 पैसे की गिरावट के साथ 95.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.07 पर रहा।

## कच्चे तेल में तेजी से सहमा शेयर बाजार; सेंसेक्स 561 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 561 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल के दाम में तेजी आई है और निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये के 96 के स्तर से नीचे आने का भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीन कारोबारी सत्रों की बढ़त के बाद, बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 561.46 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटकर 77,054.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 614.92 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 77,001.48 अंक पर आ गया था।



इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 158.95 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,052.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स और इटर्नल शामिल हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.26 प्रतिशत बढ़कर 86.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी मुद्रा की निकासी के कारण मंगलवार को रुपया 96 के स्तर से नीचे आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी तेजी आई। इससे घरेलू शेयर बाजार पर फिर से दबाव बढ़ गया। इससे यह आशंका पैदा हुई है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में समस्या भारत में कंपनियों की कमाई में सुधार को और धीमा कर देंगी।'' उन्होंने कहा कि रुपये के 96 प्रति डॉलर के स्तर को पार करने से भी स्थिति और खराब हो गई।

## चुनौतियों के बीच रियल एस्टेट में अदाणी प्रॉपर्टीज ने लगाई छलांग, चौथे स्थान पर पहुंची: रिपोर्ट

**मुंबई :** उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके परिवार की रियल एस्टेट संपत्ति में 72 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई है। यह वृद्धि ऐसे साल में हुई है जो इस क्षेत्र के लिए अच्छा नहीं रहा और जिसमें ज्यादातर कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट देखी गई। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। अहमदाबाद स्थित अदाणी समूह की कंपनी अदाणी प्रॉपर्टीज का उल्लेख करते हुए '2026 ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट 150' रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत के सबसे धनाढ्य व्यक्ति, गौतम अदाणी, देश का सबसे बड़ा रियल एस्टेट कारोबार खड़ा कर सकते हैं।'' अदाणी समूह कई साल से रियल एस्टेट कारोबार में है और कई शहरों में इसकी परियोजनाएं चल रही हैं। यह मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती इलाके का पुनर्विकास कर रहा है। इसमें महाराष्ट्र सरकार की एक छोटी भागीदारी है। इसके अलावा, मोतीलाल नगर जैसी अन्य बड़ी परियोजना पर भी काम जारी है। प्रणव अदाणी और राजेश अदाणी की अगुवाई वाली अदाणी प्रॉपर्टीज का मूल्यांकन पिछले साल 38,000 करोड़ रुपये बढ़कर 90,400 करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, अदाणी पहले ही चौथे सबसे धनाढ्य रियल्टी उद्यमी बन गये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके उलट, बीएसई रियल्टी सूचकांक में 20 प्रतिशत की गिरावट आई और 151 में से सिर्फ 31 कंपनियों का मूल्यांकन बढ़ा, जबकि 74 कंपनियों के मूल्य में गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार, यह साल क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा। साल के दौरान शीर्ष-150 कंपनियों का कुल मूल्य में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि हुई। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि कुल मूल्यांकन में दो प्रतिशत की यह बढ़ोतरी नौ साल पुरानी इस सूची में सबसे धीमी है। यह सूची एक ऐसे साल की कहानी बताती है जिसमें तेजी कम हुई।

## स्पैम कॉल पहचान पर ट्राई का दायरा बढ़ना आईटी मंत्रालय पर 'अतिक्रमण' की तरह: ट्रूकॉलर सीईओ

**नयी दिल्ली :** कॉलर पहचान सेवा देने वाली कंपनी ट्रूकॉलर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रिशित झुनझुनवाला ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं को दिखाई जाने वाली सूचना तय करने के लिए किसी आईटी मध्यस्थ कंपनी को बाध्य करना और उसे अपने स्वामित्व वाली सूचनाएं साझा करने को कहना, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नियामकीय ढांचे पर 'अतिक्रमण' होगा। झुनझुनवाला की यह टिप्पणी दूरसंचार विनियामक ट्राई और ट्रूकॉलर के बीच विशेष नंबर शृंखला (1600) से आने वाली कॉल की पहचान को लेकर जारी विवाद के बीच आई है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने हाल ही में कहा कि 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी ऐप अवरुद्ध नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल विनियमित संस्थाओं और सरकार द्वारा नागरिकों से संवाद के लिए होती हैं। इस पर ट्रूकॉलर का कहना है कि फर्जी कॉल करने वाले स्पैमर 1600 और 140 से शुरू होने वाले नंबरों का दुरुपयोग कर रहे हैं और उसके मंच पर रोजाना लाखों उपयोगकर्ता ऐसी कॉल को स्पैम के रूप में चिह्नित करते हैं। इस मुद्दे पर झुनझुनवाला ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, ट्राई के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाकर किसी आईटी मध्यस्थ को यह निर्देश देना कि वह उपयोगकर्ताओं को कौन-सी जानकारी दिखाए और उसे अपने स्वामित्व वाली जानकारी दूरसंचार संचालित रजिस्ट्री के साथ साझा करने के लिए बाध्य करना, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के दायरे में शामिल नियामकीय ढांचे पर अतिक्रमण होगा।

## ब्रिक्स देशों में सामाजिक सुरक्षा, कौशल, एआई में सहयोग की अपार संभावनाएं: मांडविया



**हैदराबाद :** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, कृत्रिम मेधा (एआई) और गरिमापूर्ण रोजगार जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। मांडविया ने 'ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम समिट-2026' के उद्घाटन के बाद कहा कि ब्रिक्स देश एकसाथ दुनिया की लगभग आधी आबादी और विशाल श्रमशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हमारी अर्थव्यवस्थाएं विकसित हो रही हैं, सामाजिक सुरक्षा, कौशल, एआई संचालन, श्रम गतिशीलता और सम्मानजनक काम जैसे क्षेत्रों में गहरे सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को हैदराबाद में होने वाली ब्रिक्स श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक इस सम्मेलन की अनुशंसाओं को ठोस नीतियों और व्यावहारिक परिणामों में बदलने का अच्छा अवसर होगी। श्रम मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देश मिलकर भविष्य की ऐसी कार्य संस्कृति बना सकते हैं, जो नवोन्मेषी, समावेशी और मानव-केंद्रित हो। भारत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन देश की विकास रणनीति का केंद्र है और पिछले एक दशक में करीब 17 करोड़ रोजगार अवसर पैदा किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी दर 2017 के छह प्रतिशत से घटकर 2025 में 3.1 प्रतिशत रह गई, जबकि महिला रोजगार दर 22 प्रतिशत से बढ़कर 38.8 प्रतिशत हो गई।

### सामाजिक सुरक्षा का दायरा 19 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत हुआ

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा वर्ष 2014 के 19 प्रतिशत से बढ़कर अब 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है। देश के करीब 94 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं। हैदराबाद के सनथनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नए ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) ब्लॉक के उद्घाटन के बाद मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3653 अंक 119 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in